सोमवार

34 साल से देहरादून का विश्वास

06 अप्रैल 2026

● देहरादून
● वर्ष 34
● अंक 72
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

# दूनवैलीमेल

सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. : 59626/94 email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

## जोहड़ी-जाखन में अतिक्रमण पर हंगामा


# डीएम के दरबार में जंगल लूट का मामला

विशेष संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड के मुखिया पुष्कर सिंह धामी अपनी तमाम बड़ी उपलब्धियों का जिक्र करते हुए जमीनों की अवैध खरीद-फरोख्त तथा जमीनों से अवैध कब्जे हटाने को बड़ी उपलब्धि बताते हैं। राज्य की डेमोग्राफी चेंज के मुद्दे पर अपनी सख्ती का जिक्र करते हुए वह यह बताना कभी नहीं भूलते हैं कि उनके कार्यकाल में 12000 हेक्टेयर जमीन को अब तक कब्जा मुक्त कराया गया है। लेकिन राजधानी दून के जंगलों को जिस तरह भूमाफिया उजाड़ रहे हैं और जंगलों को खोखला कर अवैध निर्माण कर रहे हैं उसे कब रोका जाएगा और कैसे रोका जाएगा? इस पर शासन कब सख्ती दिखाएगा वह बोलने को तैयार नहीं है।

अभी बीते दिनों तपोवन के खलंगा क्षेत्र के जंगलों में अवैध पेड़ कटान और जमीन कब्जाने का एक बड़ा मामला सामने आया जिसे स्थानीय लोगों के विरोध के बाद रोका जा सका था। ठीक वैसा ही एक मामला जोहड़ी गांव के जंगल में भी सामने आया है जहां न सिर्फ सैकड़ो पेड़ों का अवैध कटान हो चुका है बल्कि विद्युत लाइन बिछाने का भी प्रयास किया गया। स्थानीय लोग अगर इसका विरोध न करते तो न वन विभाग कुछ करने वाला था न शासन प्रशासन। लोग चिल्ला-चिल्ला कर कह रहे हैं कि शासन-प्रशासन की मिली भगत के बिना यह सब संभव नहीं है।

खास बात यह है कि दून के इर्द-गिर्द जो भी संरक्षित वन क्षेत्र है उसमें व्यापक स्तर पर जंगलात की जमीनों पर अवैध कब्जों का यह खेल जारी है। राजपुर क्षेत्र में जितने भी ग्रामीण क्षेत्र हैं वह चाहे जोहड़ी गांव हो बिष्ट गांव या चंद्रोटी सिनोला, पुरकल, किमाड़ी सहित तमाम क्षेत्रों में अवैध भूमि पर कब्जो का खेल जारी है। रायपुर और मालदेवता क्षेत्र से सहस्त्रधारा क्षेत्र तक दून का कोई कोना इससे अछूता नहीं है। कालनेमियों और धार्मिक स्थलों की आड़ में जमीन कब्जाने वालों पर तो सरकार की नजर है लेकिन जंगलात की जमीनों पर हो रहे अवैध कब्जों पर शासन का मौन हैरान करने वाला है। हंगामे के बाद जंगलात के अधिकारियों व शासन-प्रशासन का जागना संदेहास्पद है ऐसा लगता है कि इस खेल में सभी की मौन सहमति है।



कायोलय जिलाधिकारी, देहरादून
जन शिकायत निवारण दिवस
शिकयत क्रमाक- 42 दिनांक 6/5/26
प्रेषित-
प्राप्त शिकायती पत्र/समस्या आपके विभाग ... से सम्बन्धित है। प्रकरण मूल रूप में इस पृष्ठांकन ... प्रेषित है कि पत्र प्रेषण तिथि से निस्तारण अवधि 7 दिन के अन्तर्गत आवश्यक कार्यवाही करते हुए सम्बन्धित पक्ष व इस कार्यालय को निर्धारित प्रारूप पर अवगत कराना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी/प्रभारी अधिकारी
जिलाधिकारी कार्यालय, दे०दून

52

सेवा में,

दिनांक : 06/04/2026

श्रीमान जिलाधिकारी महोदय,
देहरादून, उत्तराखंड।

विषय: नगर निगम वार्ड-2 (विजयपुर) के अंतर्गत जोहड़ी-जाखन आरक्षित वन भूमि पर अवैध अतिक्रमण, बिजली लाइन बिछाने एवं डी.एफ.ओ. मसूरी को प्रेषित शिकायतों पर कार्यवाही के सम्बन्ध में।

महोदय,

सादर अवगत कराना है कि ग्रामवासियों द्वारा नगर निगम के वार्ड संख्या 2 (विजयपुर) के अंतर्गत जोहड़ी - जाखन जंगल (आरक्षित वन) में हो रहे गंभीर अतिक्रमण के विरुद्ध निरंतर आवाज उठाई जा रही है । आरक्षित वन के भीतर कुछ लोगो द्वारा अवैध रूप से भूमि को कब्जाने के कुप्रयास किए जा रहे हैं। उक्त व्यक्तियों द्वारा जंगल के भीतर बिजली के खंभे गाड़कर लाइनें बिछाई जा रही हैं, जो वन अधिनियम का खुला उल्लंघन है। इस संबंध में प्रभागीय वनाधिकारी, मसूरी को लोगो द्वारा लिखित, कॉल एवं व्हाट्सएप के माध्यम से शिकायत स्थल की फोटो एवं वीडियो के साथ सप्रमाण प्रेषित की जा चुकी है। मौके पर कई पेड़ों के काटे जाने की सम्भावना हैं| इसपर साक्ष्य उपलब्ध कराने के बावजूद भी अभी तक संबंधित विभाग द्वारा मौके पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई है, जिससे वन भूमि को निरंतर क्षति पहुँच रही है और अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद हैं।

अतः आपसे विनम्र अनुरोध है कि वन भूमि पर किए गए किसी भी प्रकार के अवैध निर्माण को ध्वस्त कर आरक्षित वन की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। नियमों का उल्लंघन करने वाले दोषियों के विरुद्ध वन अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत कठोर दंडात्मक कार्यवाही की जाए। हम समस्त क्षेत्रवासी आशा करते हैं कि इस पर्यावरणीय धरोहर की रक्षा हेतु आप आवश्यक कार्यवाही करेंगे|

संलग्नक:
मौके पर हो रहे अतिक्रमण के अन्य छायाचित्र।

धन्यवाद।
प्रार्थी,
अमृत मोहन
राजीव गुरुंग
एवं ग्रामवासी

## क्षेत्रवासियों ने सौंपा डीएम को ज्ञापन

नगर निगम वार्ड-2 (विजयपुर) के तहत जोहड़ी-जाखन के आरक्षित जंगल में अवैध कब्जे का मामला गरमा गया है। ग्रामवासियों ने आरोप लगाया है कि कुछ लोग जंगल की जमीन पर कब्जा जमाने के लिए बिजली के खंभे गाड़कर लाइन बिछा रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि वन विभाग को लिखित शिकायत, फोटो और वीडियो सबूत देने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। वहीं जंगल में पेड़ों के कटने की आशंका भी जताई जा रही है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से तुरंत हस्तक्षेप कर अवैध निर्माण हटाने और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।





# रिटायर्ड ब्रिगेडियर हत्याकांड: एक और आरोपी गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

देहरादून। बहुचर्चित रिटायर्ड ब्रिगेडियर हत्याकांड में पुलिस ने फरार चल रहे एक और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में अब तक प्रकाश में सभी 10 आरोपियो को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।



विदित हो कि बीती 30 मार्च को सुबह जोहड़ी गांव मे हुयी फायरिंग की घटना में सड़क पर मॉर्निंग वॉक कर रहे एक व्यक्ति मुकेश कुमार जोशी की गोली लगने से मौत हो गयी थी। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने हत्या की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गयी। घटना की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए घटना में शामिल 9 आरोपियों रोहित कुमार पुत्र राकेश कुमार, मौ. अखलाक उर्फ साबिर पुत्र मौ. सगीर, संदीप कुमार पुत्र जगदीश सिंह, आदित्य चौधरी पुत्र अंकुर चौधरी, आदेश गिरी, समीर चौधरी, मोहित अरोड़ा, शान्तनु त्यागी तथा काविश हुसैन त्यागी को पुलिस द्वारा पूर्व मे गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। पुलिस ने घटना में शामिल एक अन्य आरोपी वैभव कुमार जो घटना के बाद से ही लगातार फरार चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों द्वारा लगातार सुरागरसी/ पतारसी करते हुए आरोपी के सम्बन्ध में जानकारी एकत्रित की जा रही थी को बीती रात राजपुर से गिरफ्तार कर लिया गया है। जिसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

**❑प्रकरण में अब तक सभी 10 आरोपियों की हो चुकी है गिरफ्तारी**

दून वैली मेल

## संपादकीय

# नेताओं के अहम की शिकार कांग्रेस

राजनीतिक महत्वाकांक्षाएं नेताओं को भले ही कितना भी नाच नचाए उन्हें पूरा करने के लिए वह कई बार कुछ भी करने को तैयार हो जाते हैं खास बात यह है कि उनकी यह महत्वाकांक्षाएं राष्ट्र और समाज ही नहीं अपनी उस राजनीतिक पार्टी तथा दल से भी ऊपर हो जाती है जिस कंधे पर सवार होकर वह पीएम और सीएम तक की कुर्सियों तक का सफर तय करते हैं। स्वर्गीय नारायण तिवारी का उदाहरण देते हुए लोग कहते हैं कि अगर उन्होंने कांग्रेस से अलग होकर नई पार्टी न बनायी होती तो वह एक दिन देश के प्रधानमंत्री जरूर बने होते। 2012 के पहले उत्तराखंड विधानसभा चुनाव में जब कांग्रेस सत्ता में आई तो कांग्रेस ने उन्हें उत्तराखंड का सीएम बनाया उस दौर में हरीश रावत ने उनका भारी विरोध किया था भले ही वह पूरे 5 साल तक सीएम बने रहे लेकिन हरीश खेमे ने उन्हें हटाने के हर संभव प्रयास किये। हरीश रावत उस समय उनकी उम्र का हवाला देकर कहते थे कि जो पहाड़ की चढ़ाई न चढ़ सकता हो उसे सीएम नहीं बने रहना चाहिए। यह अलग बात है कि हरीश रावत की सीएम बनने की महत्वाकांशा 2013 में आई केदारनाथ त्रासदी के कारण पूरी हो गई जब विजय बहुगुणा को हटाकर हाई कमान ने इस राज्य की सीएम की कुर्सी पर उन्हें बैठा दिया गया। इससे पूर्व जब 2012 का चुनाव जीतने के बाद सीएम पद पर दिल्ली में फैसला हो रहा था तब हरीश रावत को सीएम न बनाए जाने पर उनकी नाराजगी भी उस हद तक पहुंच गई थी कि उनके समर्थक कांग्रेस छोड़ने पर आमादा थे। उस समय हरीश रावत यह एनडी तिवारी वाली गलती करते-करते बाल-बाल बचे थे। 2017 में सत्ता से बाहर हुई कांग्रेस बीते दो चुनावों में अपनी वापसी अगर नहीं कर सकी है तो इसके पीछे कांग्रेसी नेताओं की वह महत्वाकांक्षाएं ही है जिन्होंने कांग्रेसी नेताओं में आपस में ही सर फुटव्वल करा रखी है। 2027 के चुनाव से पूर्व अब इन कांग्रेसी नेताओं का फिर वैसा ही हाल देखा जा रहा है। दिल्ली में 6 नेताओं की सदस्यता लेने से शुरू हुआ यह विवाद अब उसे हद तक पहुंच गया है कि हरीश रावत के 15 दिन के अर्जित अवकाश पर जाने की घोषणा और उनके समर्थक खेमे के हरीश रावत तथा गोविंद सिंह कुंजवाल का अलग पार्टी बनाने और सामूहिक इस्तीफा देने तक की घोषणा से कांग्रेस में विभाजन की एक बार गहरी रेखा फिर खींच दी गई है। रामनगर क्षेत्र के एक नेता संजय नेगी को पार्टी में शामिल न किए जाने से उपजे इस विवाद को आसानी से सुलझाया जा सकता था प्रदेश अध्यक्ष गोदियाल का कहना है कि संजय नेगी को आने वाले समय में पार्टी में शामिल किया जाना था फिर इस विवाद को इतना तूल दे दिया गया कि इसे हरीश रावत की उपेक्षा से जोड़कर इतना बड़ा बना दिया गया कि पार्टी में विभाजन से लेकर 2027 का चुनाव भी हारने की घोषणा हरीश रावत के समर्थक करने लगे। सवाल यह है कि जब अपने आप को कांग्रेस को समर्पित बताने वाले नेता ही जब कांग्रेस को हराने का दावा अभी से कर रहे हैं तो 2027 में कांग्रेस को कौन जिता सकता है। 8 अप्रैल को अब प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा पांच दिवसीय दौरे पर उत्तराखंड आ रही हैं क्या उनके पास इन पार्टी नेताओं को एकजुट कर पाने का कोई फार्मूला होगा या वह हरीश रावत को स्थाई राजनीतिक विश्राम करने की सलाह देगी? क्योंकि वह भी अब उम्र दराज हो चुके हैं? एक बार फिर विभाजन के कगार पर खड़ी कांग्रेस को उसके महत्वाकांशी नेता किस मुकाम पर ले जाकर खड़े करते हैं आने वाला समय ही बताएगा।

# कृषि प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान में जैविक एवं प्राकृतिक खेती का विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

संवाददाता




देहरादून। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के लिए कृषि प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान देहरादून में दो दिवसीय प्रशिक्षण एवं एक्सपोजर विजिट कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।

आज यहां कृषि विभाग, पंजाब द्वारा आत्मा योजना परियोजना के तहत फाजिल्का जिले की स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के लिए कृषि प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान देहरादून में दो दिवसीय प्रशिक्षण एवं एक्सपोजर विजिट कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को जैविक खेती, प्राकृतिक खेती तथा कृषि उत्पादों के मूल्य संवर्धन की व्यावहारिक एवं तकनीकी जानकारी प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाना था। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागी महिलाओं ने प्ज्, देहरादून के विभिन्न प्रशिक्षण इकाइयों, प्रदर्शन प्लॉटों का भ्रमण किया और टिकाऊ तथा पर्यावरण-अनुकूल कृषि पद्धतियों का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त किया। प्राकृतिक खेती पर विशेष फोकस करते हुए विशेषज्ञों ने कम्पोस्ट निर्माण, जैव उर्वरकों का उपयोग, प्राकृतिक कीट एवं रोग प्रबंधन तथा मृदा स्वास्थ्य सुधार जैसी महत्वपूर्ण तकनीकों पर विस्तृत व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। महिलाओं को रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के विकल्प के रूप में प्राकृतिक खेती अपनाने के लाभों के बारे में जागरूक किया गया, जिससे मिट्टी की उर्वरता बनी रहे और पर्यावरण संरक्षित हो। कार्यक्रम में मशरूम उत्पादन एवं मूल्य संवर्धन पर एक विशेष सत्र आयोजित किया गया। इसमें महिलाओं को सूखे मशरूम, मशरूम पाउडर, मशरूम अचार, सूप पाउडर तथा अन्य मूल्य संवर्धित उत्पादों की तैयारी, प्रोसेसिंग, पैकेजिंग, संरक्षण, ब्रांडिंग और विपणन की तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया। महिला सशक्तिकरण के इस कार्यक्रम की अगुवाई श्रीमती ज्योति बाला, आत्मा परियोजना प्रभारी, फाजिल्का, पंजाब ने की। उन्होंने महिलाओं के समूह का नेतृत्व करते हुए उन्हें इस प्रशिक्षण में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया और कहा कि ऐसी पहलें ग्रामीण महिलाओं को कृषि क्षेत्र में उद्यमिता की ओर प्रोत्साहित करती हैं। कार्यक्रम के समापन पर प्रमाण-पत्र वितरण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें अमित उपाध्याय, मुख्य कार्यकारी अधिकारी देहरादून ने मनमोहन सिंह के साथ संयुक्त रूप से प्रतिभागी महिलाओं को प्रमाण-पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर अमित उपाध्याय ने कहा, "प्राकृतिक खेती न केवल मिट्टी, पानी और पर्यावरण को बचाती है, बल्कि महिलाओं जैसे छोटे उद्यमियों को आत्मनिर्भर बनाने का मजबूत माध्यम भी है। ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को आधुनिक तकनीकों से जोड़कर उन्हें सशक्त बनाना चाहते हैं, ताकि वे अपने क्षेत्र में जैविक एवं प्राकृतिक खेती को अपनाकर स्वरोजगार स्थापित कर सकें।" कार्यक्रम में सुश्री रियासाना, डॉ. विनोद कुमार ओझा, श्रीमती लतिका राणा, सुश्री वैशाली थापा, नवीन नौटियाल एवं नागेश के मार्गदर्शन में व्यावहारिक प्रदर्शन एवं तकनीकी सत्र आयोजित किए गए। प्रतिभागी महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने क्षेत्रों में जैविक एवं प्राकृतिक खेती तथा मशरूम आधारित उद्यमिता अपनाने की रुचि व्यक्त की। यह कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण और टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

# फर्जी सीमेंट डीलर बनकर लगाया लाखों का चूना, गिरफ्तार

अल्मोड़ा (हमारे संवाददाता)। फर्जी सीमेंट डीलर बनकर ठेकेदार को लाखों रूपये का चूना लगाने वाले शातिर ठग को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिसके पास से ठगी की रकम ठेकेदार को वापस करायी गयी है।जानकारी के अनुसार बीते 9 अक्टूबर 2024 को थाना दन्या में ठेकेदार दिलीप सिंह द्वारा तहरीर देकर बताया गया था कि एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन कॉल पर स्वयं को "शर्मा जी" बताते हुए सिकन्दराबाद, बुलन्दशहर स्थित एक सीमेंट कम्पनी का मार्केटिंग मैनेजर बताया। आरोपी ने सीमेंट बेचने के नाम पर विश्वास में लेकर उनसे 5 लाख 20 हजार रूपये की ठगी की गयी है। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी। जांच के दौरान सुरागरसी-पतारसी कर अथक प्रयासों से साइबर ठग को त्वरित ट्रेस कर जानकारी जुटाते हुए माह अक्टूबर 2024 में अपर उपनिरीक्षक पुष्कर खाती मय टीम द्वारा पश्चिम बंगाल जाकर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गयी। विवेचक प्रभारी निरीक्षक महिला कोतवाली जानकी भंडारी की गुणवत्तापूर्ण विवेचनात्मक कार्यवाही के फलस्वरूप न्यायालय के समक्ष आरोपी अंकित चौधरी उर्फ शर्मा जी द्वारा ठेकेदार से ठगी करने को स्वीकार किया गया। जिसके उपरांत ठेकेदार दिलीप सिंह को पूरी धनराशि 5 लाख 20 हजार रुपया लौटाये गये।

# खनन बना राजस्व का अहम स्रोतः भट्ट

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने खनन क्षेत्र मे राजस्व वृद्धि को उत्साहजनक और राज्य हित में सुखद बताते हुए कहा कि धामी सरकार की स्पष्ट और पारदर्शी नीति का ही परिणाम है कि माफियाओं के चुंगल से मुक्त करवाकर खनन आज राज्य की आर्थिकी का स्रोत बन गया है।

**❑खनन माफिया पर लगाम और नये मानकों पर सख्ती से खनन राजस्व रिकार्ड रिकार्ड स्तर पर**

उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में भी विभाग ने 875 करोड़ रुपये के लक्ष्य के मुकाबले 1041 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित कर अपनी कार्यक्षमता सि( की थी। प्रदेश में खनन राजस्व की यह निरंतर वृ( मुख्यमंत्री धामी की पारदर्शी, जवाबदेह और सुधारोन्मुखी नीतियों का प्रत्यक्ष परिणाम है। वर्ष 2012-13 में मात्र 110 करोड़ रुपये से शुरू हुआ यह सफर अब 2025-26 में 1217 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है, जो राज्य की पारदर्शी नीति को इंगित करता है।

भट्ट ने खनन नीति को सराहनीय बताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री धामी के स्पष्ट निर्देशों के तहत खनिज नीति एवं नियमावली का सरलीकरण किया गया, जिससे वैध खनन को बढ़ावा मिला और अवैध खनन, परिवहन व भंडारण पर प्रभावी रोक लगी। पारदर्शी व्यवस्था के तहत खनन पट्टों का आवंटन किया गया, जिससे राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि संभव हो सकी। भट्ट ने कहा कि सीएम धामी के नेतृत्व में पारदर्शिता, तकनीकी सशक्तिकरण और कठोर प्रवर्तन के समन्वय ने उत्तराखण्ड के खनन क्षेत्र को नई दिशा दी है, जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है और सुशासन का माडल स्थापित हो रहा है।

# जन्मदिवस पर प्रणव खत्री ने किया 11वीं बार रक्तदान

हमारे प्रतिनिधि



देहरादून। उत्तराखंड आंदोलनकारी एवं समाजसेवी मोहन सिंह खत्री के पुत्र प्रणव खत्री ने अपने जन्मदिवस के अवसर पर 11वीं बार रक्तदान कर मानव सेवा का प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। जन्मदिन को सेवा दिवस के रूप में मनाते हुए उन्होंने जरूरतमंद स्कूली बच्चों को स्टेशनरी सामग्री वितरित कर समाज के प्रति अपनी संवेदनशीलता का परिचय दिया।

प्रणव खत्री ने बताया कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण होते ही उन्होंने रक्तदान करना प्रारंभ कर दिया था। इसके बाद कोरोना काल में जब उन्होंने देखा कि रक्त की कमी के कारण अनेक लोगों को कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ा और कई लोगों की जान तक चली गई, तब उन्होंने अपने मन में यह संकल्प लिया कि वे अपने जन्मदिवस तथा हर शुभ अवसर पर रक्तदान अवश्य करेंगे। उन्होंने युवाओं से भी अपील की कि वे आगे आकर रक्तदान करें और समाज सेवा से जुड़ें।

इस अवसर पर पटना साहिब से पहुंचे सरदार सरमौर सिंह ने भी रक्तदान किया। उन्होंने बताया कि वे लगभग 9 बार रक्तदान कर चुके हैं और आगे भी इस सेवा कार्य को जारी रखेंगे।

वही राहुल भंडारी ने बताया कि वे अब तक 19 बार रक्तदान कर चुके हैं और प्रत्येक तीन माह बाद नियमित रूप से रक्तदान करते हैं।

कार्यक्रम के दौरान दून ब्लड बैंक स्टाफ द्वारा रक्तदाताओं को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर अमित कश्यप, सागर कुमार, प्रेम पंत एवं विकास द्वारा रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। समाजसेवी एवं आंदोलनकारी मोहन सिंह खत्री द्वारा अब तक 129 रक्तदान शिविर आयोजित किए जा चुके हैं। उन्होंने संकल्प लिया है कि अपने जीवनकाल में अधिक से अधिक रक्तदान शिविर आयोजित कर समाज के लिए सहयोग का कार्य करते रहेंगे तथा लोगों को रक्तदान के लिए निरंतर प्रेरित करेंगे।

## श्रीदेव सुमन विवि के खराब परीक्षा परिणामों से छात्रों में आक्रोश

चमोली(आरएनएस)। श्रीदेव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय के स्नातक प्रथम सेमेस्टर के खराब परीक्षा परिणामों ने छात्र-छात्राओं की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। हाल ही में घोषित बीए, बीएससी और बीकॉम के नतीजों में महज 2० से 3० प्रतिशत छात्र ही उत्तीर्ण हो पाए हैं जबकि बड़ी संख्या में छात्रों को बैक पेपर और अनुपस्थित दिखाया गया है। इससे छात्रों पर आर्थिक और मानसिक बोझ बढ़ रहा है। छात्रों ने इस संबंध में प्राचार्य को ज्ञापन भी दिया। डॉ. शिवानंद नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बीए के 263 में से केवल 53, बीएससी के 134 में से 3० और बीकॉम के 22 में से मात्र 6 छात्र-छात्राएं पास हुए हैं। बीएससी के कई छात्रों के रिजल्ट अपलोड नहीं हुए हैं जबकि परीक्षा देने के बावजूद दिव्या और अमन रावत जैसे कई छात्रों को अंकपत्र में अनुपस्थित या फेल दिखाया गया है। छात्र संघ अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह और अंशुल रावत ने कहा कि विश्वविद्यालय की लापरवाही से छात्रों पर अतिरिक्त फीस का बोझ पड़ रहा है जिससे नए छात्र प्रवेश लेने से कतरा रहे हैं। वहीं महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. राम अवतार सिंह का कहना है कि छात्रों के ज्ञापन को विश्वविद्यालय को भेज दिया गया है।

## बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ रखना पहली प्राथमिकता: गैरोला

ऋषिकेश(आरएनएस)। विधायक बृजभूषण गैरोला ने कहा कि बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ रखना भाजपा सरकार की पहली प्राथमिकता है। सड़क, पेयजल, बिजली और स्वच्छता जैसे मूलभूत कार्यों को मजबूत कर ही क्षेत्र का समग्र विकास संभव है। डोईवाला विधानसभा क्षेत्र के नगर पालिका परिषद अंतर्गत वार्ड नंबर 2 आर्य नगर में कार्यक्रम हुआ, जिसमें स्थानीय विधायक बृजभूषण गैरोला ने 13.5० लाख की लागत से कार्यदायी संस्था एमडीडीए द्वारा निर्मित इंटरलॉकिंग टाइल्स सड़क का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि डोईवाला विधानसभा क्षेत्र में प्रत्येक वार्ड में संतुलित विकास के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य कराए जा रहे हैं। पालिकाध्यक्ष नरेंद्र सिंह नेगी ने कहा कि नगर क्षेत्र में आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के लिए लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष पंकज शर्मा, रामकृष्ण, बूथ अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार, शैलेंद्र कौर, नीरज, रामकिशन, रिया सैनी, कृष्णकांत राजेंद्र प्रसाद धर्मेंद्र सिंह संजीव कुमार, विजेंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

## कुर्सी के सहारे आठ किमी पैदल चल महिला को पहुंचाया अस्पताल

चमोली(आरएनएस)। निजमुला घाटी के मौली हड़ूंग गांव की एक महिला चारापत्ती निकालते समय नीचे गिरने से घायल हो गई। गांव में सड़क न होने पर घायल महिला को ग्रामीणों ने आठ किमी पैदल चलकर कुर्सी के सहारे सड़क तक पहुंचाया। इसके बाद उसे 1०8 वाहन से जिला अस्पताल पहुंचाया। सड़क सुविधा नहीं होने से ग्रामीणों को हर दिन ऐसी समस्या का सामना करना पड़ता है। चमोली जिले के ब्लॉक दशोली के निजमुला घाटी में स्थित मौली हड़ूंग गांव की गुड्डी देवी पत्नी देवेंद्र सिंह चारा पत्ती लेने जंगल गई थी। पेड़ से चारा पत्ती निकालते समय वह अनियंत्रित होकर नीचे गिर गई। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। गांव से सड़क की दूरी करीब आठ किमी है। ग्रामीण महिला को कुर्सी के सहारे ले गए। आठ किमी पैदल चलने के बाद महिला को सड़क तक पहुंचाया इसके बाद अस्पताल पहुंचाया। मोली हड़ूंग के ग्राम प्रधान भगत फर्स्वाण ने कहा कि सड़क के अभाव में उनका गांव आज भी विकास से कोसों दूर है। गांव में किसी भी बीमार व्यक्ति के लिए अस्पताल तक पहुंचना चुनौती बना रहता है। उन्होंने गांव तक जल्द सड़क निर्माण की मांग की।

## मोटर पुल का लोकार्पण, पंचायत भवन का शिलान्यास किया

बागेश्वर(आरएनएस)। कपकोट विधानसभा क्षेत्र कपकोट के अंतर्गत ग्राम पंचायत गांसी में जन मिलन कार्यक्रम किया गया। इस दौरान मोटर पुल का लोकार्पण और पंचायत भवन का शिलान्यास किया गया। क्षेत्रीय विधायक सुरेश गड़िया ने कहा कि क्षेत्र का विकास करना उनकी प्राथमिकता में है। गांसी में आयोजित कार्यक्रम में विधायक ने मुनार से गांसी मोटर मार्ग चार करोड़, 79 लाख की लागत से निर्मित मोटर पुल एवं तीन करोड़ 29 लाख की लागत से बने मोटर मार्ग का लोकार्पण किया। साथ ही ?2० लाख की लागत से बनने वाले पंचायत भवन का शिलान्यास भी किया। गड़िया ने कहा कि ये सभी विकास कार्य केवल निर्माण परियोजनाएं नहीं, बल्कि क्षेत्र के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव हैं।इनसे क्षेत्र में आवागमन सुलभ होगा, विकास की गति तेज होगी और जन-जन के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आएगा। हमारा संकल्प क्षेत्र की जनता की हर समस्या का समाधान और समग्र विकास है। इसी लक्ष्य के साथ हम निरंतर सेवा, समर्पण और विकास के पथ पर अग्रसर हैं। मंडल अध्यक्ष कपकोट प्रकाश जोशी, जिला महामंत्री किसान मोर्चा भुवन गड़िया, उप जिलाधिकारी अनिल चन्याल, खंड विकास अधिकारी सुभाष लोहनी, बलवीर टाकुली आदि मौजूद रहे।

# हमले के विरोध में पौड़ी बाजार रहा बंद

पौड़ी(आरएनएस)। नाई द्वारा युवक पर कैंची से हमले की घटना के विरोध में जिला मुख्यालय में बाजार पूरी तरह बंद रहा। वहीं, स्थानीय महिलाओं ने शहर में रैली निकालकर घटना के खिलाफ विरोध जताया। सुबह से ही प्रमुख बाजारों में दुकानों के शटर बंद रहे और पूरे नगर क्षेत्र में सन्नाटा पसरा रहा। स्थिति को देखते हुए पुलिस प्रशासन भी अलर्ट रहा और बाजार में लगातार निगरानी करता रहा। बीते बृहस्पतिवार को पुराने जेल गदेरे के पास एक दुकान के समीप कार का शीशा एक नाई के हाथ से टकरा गया था। इस मामूली बात पर विवाद बढ़ गया और मारपीट के दौरान नाई ने युवक पर कैंची से हमला कर दिया। घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश फैल गया। हालांकि पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मामले चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। वहीं इस घटना से गुस्साए कुछ लोगों ने नाई की दुकान पर तोड़फोड़ कर सामान सड़क पर फेंक दिया था। इसी के विरोध में स्थानीय व्यापारियों और लोगों ने बाजार बंद का आह्वान किया जिसका असर पूरे शहर में देखने को मिला। बाजार पूरी तरह सूना रहा और जनजीवन भी प्रभावित हुआ। वहीं, महिलाओं की रैली बस अड्डे से शुरू होकर माल रोड, एजेंसी चौक, अपर बाजार, लोअर बाजार और धारा रोड होते हुए पुन: बस अड्डे पर समाप्त हुई। इस दौरान विकास चौहान, बीरा भंडारी आदि ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि इस तरह की घटनाएं अस्वीकार्य हैं। इस दौरान रैली में उर्मिला देवी, राजेश्वरी, महेश्वरी, मीना, सुमति, अनीता, आरती, जमुना, देवेश्वरी देवी, मोहित चौहान, संदीप, हिमांशु रावत आदि शामिल रहे।

रैली के दौरान अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस बल जगह- जगह पर तैनात रहा। इस दौरान कोतवाल जयपाल सिंह नेगी भी पुलिस बल के साथ निगरानी करते रहे। एसएसपी सर्वेश पंवार के निर्देशों पर सीओ पौड़ी तुषार बोरा व सीओ श्रीनगर अनुज कुमार की अगुवाई में पुलिस बल ने बीते बृहस्पतिवार शाम को पौड़ी नगर क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला। पुलिस ने शांति भंग करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी।

बाजार बंद के बावजूद भी शराब की दुकान खुली रही जिस पर राज्य आंदोलनकारी कमला नेगी समेत अन्य महिलाएं आक्रोशित हो गईं। उन्होंने शीघ्र दुकान बंद करने को लेकर जमकर विरोध किय जिसके बाद संचालकों को दुकान बंद करनी पड़ी। उन्होंने शराब की दुकान को शहर से बाहर शिफ्ट करने की मांग उठाई।

## भाजपा सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाए कार्यकर्ता

ऋषिकेश(आरएनएस)। विधायक प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि भाजपा सरकार की ओर से संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही संगठन का मुख्य उद्देश्य है। कहा कि कार्यकर्ता सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। ऋषिकेश विधानसभा क्षेत्र के भाजपा रायवाला मंडल की ओर से हरिपुरकलां में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 में ऋषिकेश विधायक प्रेमचंद अग्रवाल ने प्रतिभाग किया। उन्होंने केंद्र एवं प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। बताया कि सात सत्रों में आयोजित यह प्रशिक्षण महाभियान विभिन्न विषयों के साथ-साथ केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं को सरल एवं प्रभावी तरीके से आमजन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बना है। मौके पर रायवाला मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र बिष्ट, प्रशिक्षण वर्ग पालक गणेश रावत, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष राहुल अग्रवाल, बलविंदर सिंह, सतपाल सैनी, अंजलि रावत नैथानी, दीवान सिंह रावत, मनोज डंगवाल, सुंदरलाल गौड़, मनोज शर्मा, बबीता कमल, कमल कुमार, बिना बंगवाल, सोबन सिंह कैंतुरा, लक्ष्मी गुरुंग आदि उपस्थित रहे।

## खंड तल्ला में भालू की दहशत, रतजगा कर रहे ग्रामीण

पौड़ी(आरएनएस)। विकासखंड के दूरस्थ क्षेत्र खंड तल्ला में इन दिनों भालू की दहशत बनी हुई है। भालू गोशालाओं को तोड़कर अभी तक दो मवेशियों को मार चुका है। भालू की दहशत से निजात दिलाने के लिए ग्रामीण रतजगा करने को मजबूर हैं। खंड तल्ला व आस पास के गांवों में भालू गोशालाओं को तोड़कर मवेशियों को मार रहा है। टीला सीट से जिला पंचायत सदस्य डॉ. शिवचरण नौडियाल ने बताया कि दो -तीन दिन पहले गांव से करीब आधा किमी दूर बनीं छानियों में रात के समय भालू ने गोशालाओं को तोड़कर मवेशियों को मार डाला। जबकि करीब दो हफ्ते पहले भी भालू ने यही घटना दोहरायी थी। तब भालू ने पशुपालक गणेशी देवी व चैता देवी की दुधारू गायों को बुरी तरह से नोचकर मार डाला। तब से ग्रामीण मशाल, टॉर्च व लाड़ी डंडों के साथ रात आठ से साढ़े 11 बजे तक गांव से होते हुए छानियों और आस पास के क्षेत्र में गश्त कर रहे हैं। ग्रामीण छानियों के पास आग जलाकर भालू को भगाने की कोशिश और मवेशियों की सुरक्षा करने में जुटे हुए हैं। बताया कि वन विभाग को इस संबंध में पत्र भेजा था। विभाग ने कुछ दिन तो गश्त की लेकिन फिर से हालात वैसे ही बन गए हैं। उन्होंने भालू की समस्या से निजात दिलाने के लिए छानियों के पास सीसीटीवी, ड्रोन सर्वे, स्ट्रीट लाइट व पिंजरा आदि लगाने के साथ ही समस्या का स्थायी समाधान निकालने की मांग उठाई है।

## ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद बुझाई आग

चमोली(आरएनएस)। ब्लॉक के ग्राम पंचायत बसक्काली के जंगल में तीन दिनों से लगी आग को ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद बुझा दिया। ग्राम प्रधान देवेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि बीते तीन दिनों से बसक्काली, चौरीं, तेगुणियां गांव के जंगल में लगी भीषण आग से वन संपदा जलकर राख हो गई है। आग आवासीय मकान और गोशाला के समीप पहुंच गई थी। ग्रामीण हयात सिंह, रघुवीर सिंह, जय सिंह आदि ने कड़ी मशक्कत के बाद आग बुझाई।

उन्होंने बताया कि वन विभाग की ओर फायर सीजन की तैयारियों को लेकर कई बार बैठकें और जागरूकता अभियान पर लाखों रुपये खर्च किए जाते हैं लेकिन हकीकत कुछ और ही है। वहीं वन क्षेत्राधिकारी हेमंत बिष्ट ने बताया कि विभागीय कर्मियों को मौके पर भेजने के लिए निर्देशित कर दिया गया है।

## संस्थान के मूल्यों और प्रतिबद्धताओं का स्मरण कराता है वार्षिकोत्सव: डा. अमित

ऋषिकेश(आरएनएस)। सीमा डेंटल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने रंगारंग प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्थान के संस्थापक डॉ. आरके गुप्ता, मिसेज जयता गुप्ता, चेयरमैन डॉ. अमित गुप्ता, मिसेज अंकिता गुप्ता, कार्यकारी निदेशक अजय गर्ग, प्रिंसिपल डॉ. पी नारायण प्रसाद और डायरेक्टर डॉ. अनिरुद्ध गुरु प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से की। चेयरमैन डॉ. अमित गुप्ता ने कहा कि स्थापना दिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि संस्थान के मूल्यों, परंपराओं और उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता को पुन: स्मरण करने का अवसर है। प्रिंसिपल डॉ. पी नारायण प्रसाद ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए संस्थान की उपलब्धियों और विभिन्न क्षेत्रों में किए गए कार्यों का विवरण दिया। कार्यक्रम में डॉ. तरुण शर्मा, डॉ. कल्पना चौधरी, डॉ. मुदित अग्रवाल, डॉ. अनिरुद्ध सिंह, डॉ. ज्योत्सना सेठ सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।एकेडमिक उपलब्धियों पर सम्मानफिजियोलॉजी एवं बायोकेमिस्ट्री विभागाध्यक्ष डॉ. प्रेम प्रकाश ने शैक्षणिक उत्कृष्टता पुरस्कारों की घोषणा की। वर्ष 2025 में विवि परीक्षाओं में विभिन्न विभागों के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। एमडीएस आर्थोडोन्टिक्स से डॉ. शुभम पटेल, कंजरवेटिव से डॉ. निकिता गुप्ता, प्रोस्थोडोन्टिक्स से डॉ. श्रद्धा चौहान, पिडोडोन्टिक्स से डॉ. पूजा पंवार, पेरियोडोन्टोलॉजी से डॉ. सनंदा चौधरी और ओरल मेडिसिन से डॉ. शिवनी कपरुवाण को सम्मान मिला। बीडीएस में प्रथम वर्ष के प्रभात सुमन, द्वितीय वर्ष की हर्षिता भदूला, तृतीय वर्ष की उर्वी गोयल तथा चतुर्थ वर्ष की माही गुप्ता और रोशनी रंजन को भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। इसके अलावा विभिन्न विषयों में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।शिक्षकों और स्टाफ को भी नवाजासंस्थान के संस्थापक डॉ. आरके गुप्ता ने डॉ. प्रेम प्रकाश को बेस्ट टीचिंग अवार्ड से सम्मानित किया। इसके अलावा सुशील कुमार को बेस्ट नॉन-टीचिंग एडमिनिस्ट्रेटिव अवार्ड, सुनील उनियाल को बेस्ट पैरामेडिकल स्टाफ, मायाराम सेमवाल को बेस्ट सपोर्टिंग स्टाफ और अमित कुमार को बेस्ट हाउस कीपिंग स्टाफ का पुरस्कार दिया गया।

# नारियल के दूध के इस्तेमाल से मिलते हैं ये 5 मुख्य फायदे, एक बार जरूर आजमाएं

नारियल का दूध पके नारियल का इस्तेमाल करके तैयार किया जाता है। इसके लिए नारियल के सफेद हिस्से को कद्दूकस करके उसको गर्म पानी में छोड़ दिया जाता है, फिर नारियल की क्रीम को हटाकर बाकी तरल पदार्थों को एक हल्के कपड़े की मदद से छान दिया जाता है। इसे ही नारियल का दूध कहा जाता है। यह दूध एंटी-ऑक्सीडेंट्स, डाइटरी फाइबर और गुड फैट जैसे कई पोषक तत्वों से भरपूर होता है, इसलिए इसका इस्तेमाल करना लाभदायक है।

हृदय स्वास्थ्य के लिए है अच्छा : नारियल के दूध में लॉरिक एसिड होता है, जो खराब कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मदद कर सकता है। यह हृदय रोग के सबसे प्रमुख कारकों में से एक है। 60 स्वस्थ लोगों पर 8 हफ्ते तक किए गए एक अध्ययन के मुताबिक, जिन लोगों ने लगातार नारियल के दूध का दलिया खाया, उनके खराब कोलेस्ट्रॉल के स्तर में काफी कमी आई और अच्छे कोलेस्ट्रॉल के स्तर में इजाफा देखा गया।

मधुमेह से ग्रस्त लोगों के लिए भी फायदेमंद : नारियल के दूध का ब्लड शुगर पर अच्छा प्रभाव पड़ता है। इसमें एंटी-ऑक्सीडेंट गुण होते हैं, जो शरीर में इंसुलिन स्राव में सुधार करते हैं। थाईलैंड में किए गए एक शोध के अनुसार, नारियल का दूध इंसुलिन के प्रति सेलुलर प्रतिक्रिया को बढ़ाता है, जिससे ब्लड शुगर का स्तर संतुलन में रहता है। यह भोजन के ग्लाइसेमिक इंडेक्स को भी कम करता है। ऐसे में इससे मधुमेह को नियंत्रित करने में मदद मिलती है।

अल्जाइमर रोग से निपटने में है कारगर : नारियल के दूध में मीडियम-चेन ट्राइग्लिसराइड्स की मात्रा होती है। ये एमसीटी आसानी से लीवर में अवशोषित हो जाते हैं और कीटोन्स में परिवर्तित हो जाते हैं। कीटोन्स को मस्तिष्क के लिए ऊर्जा के एक वैकल्पिक स्रोत के रूप में पहचाना गया है और यह अल्जाइमर रोग के पीड़ितों के लिए फायदेमंद हो सकता है। बता दें कि अल्जाइमर एक मानसिक रोग है, जिससे ग्रसित व्यक्ति की धीरे-धीरे मस्तिष्क की कोशिकाएं खत्म होने लगती हैं।

त्वचा को करता है मॉइस्चराइज : क्या आपने कभी मिल्क बाथ के बारे में सुना है? यह स्नान प्राचीन काल में काफी लोकप्रिय था। एंटी-ऑक्सीडेंट्स और फैटी एसिड से भरपूर नारियल का दूध आपकी त्वचा को पोषण देगा, रूखापन समेत जलन को ठीक करेगा और स्वस्थ त्वचा को बढ़ावा देगा। लाभ के लिए गर्म पानी में नारियल का दूध, गुलाब जल और गुलाब की पंखुड़ियां मिलाएं। फिर इस मिश्रण से नहाएं।

रूखे और बेजान बालों को करता है ठीक : मानसून में बालों के रूखे और बेजान होने की संभावना काफी बढ़ जाती है, जिन्हें ठीक करने में नारियल का दूध काफी मदद कर सकता है। इसमें मौजूद पोषक तत्व बालों के विकास को भी बढ़ावा देते हैं और बेजान बालों का इलाज करते हैं। लाभ के लिए नारियल के दूध से अपने सिर की हल्के हाथों से मालिश करें और फिर अपने सिर पर कुछ देर के लिए गर्म तौलिया लपेटें। इसके बाद सिर को धोएं।

# कपड़ों को जल्दी सुखाने के 4 आसान तरीके

आपको इंटरव्यू के लिए जाना हो, लेकिन फॉर्मल शर्ट गंदी पड़ी हो, तो आपके पास उसे धोने के अलावा कोई चारा नहीं है, क्योंकि गंदी शर्ट पहला इम्प्रेशन भी गंदा ही देगी। अब आप कहेंगे कि शर्ट धुल तो 5 मिनट से भी कम समय में जाएगी, लेकिन अब उसे जल्दी सुखाएं कैसे? बात तो सही है, जब जल्दी हो, तो कपड़ों को धोने से ज्यादा उन्हें सुखाने का टेंशन होता है। पास में वॉशिंग मशीन न हो, तो यह काम और भी चैलेंजिंग बन जाता है। ऐसे में हम आपके लिए लाए हैं, कुछ काम के ट्रिक्स, जो बिना ड्रायर के ही आपको कपड़े जल्दी सुखाने में मदद करेंगे।

तौलिया : कपड़े को धोने के बाद उसे एक बड़े टॉवल में लपेटें और फिर ट्विस्ट करते हुए उसे निचोड़ें। एक टॉवल गीला हो जाए, तो यही प्रॉसेस दूसरे तौलिये से दोहराएं। तौलिये के कारण आपको बेहतर ग्रिप बनाने में मदद मिलेगी, तो वहीं उसके रेशे कपड़े में से पानी सोखने का काम करेंगे। इसके बाद फैन को फुल स्पीड पर कर, कपड़े को हैंगर पर टांग दें।

हेयर ड्रायर : फैन की हवा सीधे कपड़े पर नहीं लगती है, इसलिए पंखे के साथ ही हेयर ड्रायर का इस्तेमाल करें। इस पर वॉर्म मोड को सिलेक्ट करें, जिससे पानी को भांप बनने और कपड़े को जल्दी सूखने में मदद मिलेगी।

कूलर :हेयर ड्रायर न भी हो, तो कूलर आपके काम आ सकता है। कूलर की हवा को भी कपड़े पर डायरेक्ट किया जा सकता है। इस वजह से निचोड़े गए कपड़े को जल्दी सूखने में मदद मिलती है।

## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *साध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन

# जड़ से मिटायें कमर दर्द को

आजकल के युवा कमर दर्द से खासे परेशान रहते हैं। इनमें लड़के और लड़कियां दोनों ही शामिल हैं। हर किसी के पास इस कमर दर्द की वजह अलग हो सकती है। लेकिन जरूरत सभी की एक है कि कैसे जल्दी से जल्दी इस कमर दर्द से मुक्ति मिले।

करीब एक दशक पहले तक कमर दर्द केवल बुजुर्गों की बीमारी मानी जाती थी या महिलाओं में पीरियड्स के दौरान यह समस्या अधिक देखने को मिलती थी। जबकि आज टीनेजर से लेकर 26 साल के युवा तक, हर कोई अक्सर इस समस्या का सामना करता है। कारण है युवाओं की बदलता हुआ हुआ वर्क कल्चर और जॉब डिमांड्स। साथ ही पोषण की कमी।

कमर दर्द की मुख्य वजहें

-कमर दर्द की मुख्य वजहों में लाइफस्टाइल से जुड़ी कुछ खास बातें शामिल हैं। जैसे...

-बहुत नर्म गद्दे पर सोना

-अधिक समय तक हाई हील पहने रहना

-बहुत अधिक वजन बढ़ जाना

- शरीर में कैल्शियम की कमी

-घंटों एक ही जगह पर बैठे रहना

-शारीरिक गतिविधियों की कमी

-एक्सरसाइज ना करना

-सिटिंग पॉजिशन सही ना होना

दर्द से मुक्ति पाने के घरेलू तरीके

-एक बड़ा स्पून सरसों या नारियल का तेल लें। इसमें लहसुन 5 से 6 छिली हुई कलियां डालकर पका लें। जब तेल ठंडा हो जाए तो इस तेल से नहाने से पहले शरीर की मालिश करें। खास तौर पर कमर के हिस्से की।

-लहसुन नैचरल पेनकिलर की तरह काम करता है। यह आपको जल्द राहत देगा। इस बात का ध्यान रखें मालिश करने के कम से कम 30 मिनट बाद नहाने जाएं। ताकि आपका शरीर इस तेल को अच्छी तरह सोख ले।

तौलिया से करें सिकाई



-जब कमर में तेज दर्द हो और कोई मसाज करनेवाला भी आपके पास ना हो तब गर्म पानी में नमक मिला लें और इसमें एक तौलिया भिगोकर निचड़ लें। अब इस भाप निकलती हुई तौलिया से अपनी कमर पर हल्की-हल्की सिकाी करें।



-ध्यान रखें इस दौरान आपने प्योर कॉटन के कपड़े पहने हों। साथ ही इस बात का ध्यान भी रखें कि सिकाई कभी भी सीधे त्वचा पर नहीं करते बल्कि आपकी स्किन के ऊपर कॉटन के कपड़े की एक लेयर जरूर होनी चाहिए।

सीट से ब्रेक लें

-आजकल वर्क फ्रॉम होम के कारण ज्यादातर महिलाएं घर में काम में व्यस्त रहती हैं और फिर एक ही जगह पर घंटों बैठकर काम करती रहती हैं। इससे भी कमर दर्द की समस्या बढ़ रही है। इससे बचने का तरीका यह है कि बीच-बीच में ब्रेक लें।

-घर और ऑफिस की जिम्मेदारियों के बीच अपने फ्री-टाइम या मी-टाइम के साथ समझौता ना करें। खुद को फिजिकली और मेंटली स्वस्थ रखने के लिए अपने आपको समय देना बहुत जरूरी है। वैसे तो अभी कहीं भी सफर पर जाने की स्थिति नहीं है। लेकिन अगर आप खुद से ड्राइविंग करके ऑफिस जाने लगे हैं तो आपको इस बात पर गौर करना चाहिए कि आपकी गाड़ी की सीट बहुत अधिक सॉफ्ट तो नहीं है।

-कार की सीट सही होने के साथ ही आपका सिटिंग पॉश्चर यानी बैठने का तरीका भी सही होना चाहिए। इससे शरीर में ब्लड का फ्लो सुचारू रूप से बना रहता है। ना दर्द सताता है और ना ही जल्दी से थकान होती है। महिलाओं के शरीर में 30 के बाद तो पुरुषों के शरीर में 45 के बाद कैल्शियम की कमी होने लगती है। इसलिए जरूरी है कि आप अपनी डायट में कैल्शियम रिच फूड शामिल करें। आप चाहें तो कैल्शियम सप्लिमेंट्स भी ले सकते हैं। इससे आपको कमरदर्द दूर रखने में सहायता मिलेगी।

## शब्द सामर्थ्य -092

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिढ़चिड़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाख ढकने का कपड़ा 13. पिता, क्लर्क, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भ्राता 22. मेघ, जलद, नीरद।

**ऊपर से नीचे**

1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | ■ | ■ | 3 | ■ | ■ | ■ |
| 4 | | ■ | 5 | | | 6 | ■ | 7 |
| ■ | 8 | | | ■ | 9 | | | |
| 10 | ■ | ■ | | ■ | ■ | | ■ | |
| 11 | | | | ■ | 12 | | | ■ |
| | ■ | | ■ | 13 | | ■ | 14 | |
| 16 | 17 | | ■ | 18 | | | | ■ |
| ■ | | ■ | 19 | | | ■ | ■ | 20 |
| 21 | | ■ | | ■ | ■ | 22 | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 91 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पं | क्ति | ■ | स्वा | द | ■ | स | ब | ब |
| जा | ■ | सु | हा | ना | ■ | ■ | ली | द |
| ब | हु | धा | ■ | द | ल | ना | ■ | ल |
| ■ | ■ | क | मा | न | ■ | ग | ह | ना |
| भं | व | र | ■ | ■ | ■ | वा | म | ■ |
| गी | त | ■ | म | ज | बू | र | ■ | ट |
| ■ | न | म | स्का | र | ■ | ■ | ■ | र |
| ■ | ■ | र्या | ■ | ■ | बी | ■ | ना | का |
| सं | वि | दा | ■ | ब | स | च | ल | ना |

# वरलक्ष्मी सरथकुमार की फिल्म सरस्वती में प्रकाश राज की एंट्री

वरलक्ष्मी सरथकुमार अपने गहन और दिलचस्प अभिनय के लिए जानी जाती हैं। अब वह सरस्वती नाम की फिल्म से निर्देशक के रूप में डेब्यू कर रही हैं। फिल्म तेज़ी से आगे बढ़ रही है और अब यह बात सामने आ रही है कि प्रकाश राज इसमें एक अहम भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म बनाने वालों ने प्रकाश राज के किरदार के बारे में जानकारी दी है और पता चला है कि वह वकील रामानुजम का किरदार निभाएंगे। फिल्म को प्रोड्यूस करने वाले प्रोडक्शन हाउस डोसा डायरीज़ ने एक प्रोमो जारी किया, जिसमें फिल्म के सेट पर प्रकाश राज के क्लिप्स (शूटिंग के दौरान के) क्लिप्स दिखाए गए हैं। उन्होंने लिखा, हमारे रामानुजम बनने के लिए प्रकाश राज सर, आपका बहुत-बहुत शुक्रिया। सरस्वती का पहला लुक अब सामने आ गया है। इसे वरुसारथ ने डायरेक्ट किया है। वरलक्ष्मी सरथकुमार ने पोस्ट किया, आपका बहुत-बहुत शुक्रिया सर!!! आपके साथ काम करना हमारे लिए बेहद खुशी की बात थी। उन्होंने कहा था, यह साल मेरे लिए बहुत ही ज़बरदस्त रहा... मेरी पहली डायरेक्टोरियल फिल्म सरस्वती... हमने एक महीने पहले इसकी शूटिंग शुरू की थी और अब सरस्वती की शूटिंग पूरी हो चुकी है। उन्होंने आगे कहा, इस शानदार सफर का हिस्सा बनने वाले हर एक इंसान का मैं शुक्रिया अदा करती हूँ। मेरे सभी एक्टर्स... टीम के सदस्य... लाइटमैन से लेकर प्रोडक्शन में काम करने वाली अम्मा तक, सभी का शुक्रिया। मैं आप सभी की बहुत आभारी हूँ। अभी तो और भी बहुत कुछ करना बाकी है। और भी बहुत कुछ कहना है... जल्द ही... आप सभी को आने वाले नए साल की बहुत-बहुत शुभकामनाएँ। वरलक्ष्मी इस फिल्म में एक अहम भूमिका निभा रही हैं। फिल्म में प्रकाश राज, प्रिया मणि, राधिका सरथकुमार और नवीन चंद्र मुख्य भूमिकाओं में नज़र आएंगे, जबकि फिल्म का संगीत थमन ने तैयार किया है।

# केजीएफ -कांतारा वाले होम्बले फिल्म्स का बड़ा ऐलान, भारतीय सिनेमा को मिलेगी वैश्विक मंच पर नई उड़ान

भारतीय सिनेमा को केजीएफ , कांतारा और सालार जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्में देने वाला प्रोडक्शन हाउस होम्बले फिल्म्स अब दुनिया फतह करने की तैयारी में है। अपनी जादुई कहानियों से देश का दिल जीतने के बाद, कंपनी ने अब आधिकारिक तौर पर ओवरसीज डिस्ट्रीब्यूशन (विदेशी फिल्म वितरण) के क्षेत्र में उतरने का ऐलान कर दिया है। ये कदम न केवल होम्बले की अपनी फिल्मों, बल्कि देश के अन्य फिल्म निर्माताओं के लिए भी अंतरराष्ट्रीय बाजार के दरवाजे मजबूती से खोलेगा। केजीएफ और कांतारा जैसी सुपरहिट फिल्में देने वाला प्रोडक्शन हाउस, होम्बले फिल्म्स, अब एक नई भूमिका में नजर आएगा। कंपनी ने अब खुद अंतरराष्ट्रीय वितरक बनने का फैसला किया है। वो सिर्फ अपनी ही नहीं, बल्कि भारत के अन्य फिल्म निर्माताओं की बेहतरीन और बड़ी फिल्मों को भी विदेशी बाजार तक पहुंचाने में मदद करेगा। इसका मकसद भारतीय कहानियों और संस्कृति को दुनिया के कोने-कोने तक पहुंचाना और विश्व स्तर पर एक मजबूत नेटवर्क तैयार करना। होम्बले फिल्म्स अब भारत के अन्य छोटे-बड़े प्रोडक्शन हाउस के लिए एक पुल का काम करेगा। इसका मतलब है कि भारत के किसी भी कोने की दमदार कहानी अब दुनिया के सबसे बड़े मंचों पर दिखाई देगी। विदेशों में डिस्ट्रीब्यूशन का जिम्मा खुद लेकर प्रोडक्शन कंपनी ये पक्का करना चाहती है कि भारतीय सिनेमा की गूँज दुनिया के हर शहर और हर कोने में सुनाई दे। बता दें कि ब्लॉकबस्टर एनिमेटेड फिल्म महावतार नरसिम्हा इस प्रोडक्शन हाउस की उपज है।

# सलमान खान की फिल्म बैटल ऑफ गलवान का बदला नाम!

सलमान खान की अपकमिंग फिल्म बैटल ऑफ गलवान का फैंस को बेसब्री से इंतजार है. फिलहाल इस फिल्म के टाइटल को लेकर बड़ा अपडेट आया है. दरअसल बैटल ऑफ गलवान का नाम बदल दिया गया है और मेकर्स ने सोमवार को इसका नया टाइटल भी अनाउंस कर दिया है. जानते है सलमान खान की ये मच अवेटेड वॉर ड्रामा किस नए टाइटल से सिनेमाघरों में रिलीज होगी? सलमान खान फिल्म्स ने अपनी सबसे चर्चित फिल्म बैटल ऑफ गलवान का नया नाम ऑफिशियली अनाउंस कर दिया है. ये फिल्म मातृभूमिः मे वॉर रेस्ट इन पीस के नए टाइटल से रिलीज की जाएगी. मेकर्स ने एक बहुत ही दमदार नया पोस्टर जारी किया है, जो न सिर्फ फिल्म के नाम में बदलाव को दिखाता है, बल्कि एक ऐसा मैसेज भी देता है जो आज की दुनिया के लिए बहुत जरूरी है. फिल्मों के ओरिजनल नाम को लेकर हुए विवादों को देखते हुए मेकर्स ने सलमान खान की अपकमिंग फिल्म का टाइटल बदलकर मातृभूमि रख दिया है. माना जा रहा है कि यह बदलाव ओरिजनल टाइटल को लेकर उठे विवाद को शांत करने के लिए किया गया है. मेकर्स ने ये कदम इस वजह से भी उठाया है ताकि इस फिल्म की रिलीज में कोई रुकावट ना आए. इस नए टाइटल की सबसे खास बात इसकी टैगलाइन है मे वॉर रेस्ट इन पीस इस सोच के साथ, सलमान खान ने एक बहुत बड़ी और गहरी बात कही है, जो सिर्फ लड़ाई-झगड़े की बात न करके, पूरी दुनिया में शांति की उम्मीद को जगाती है. जहाँ यह फिल्म गलवान घाटी की ऐतिहासिक घटना से इंस्पाय है, वहीं इसके नाम के पीछे छिपा संदेश रणभूमि की सीमाओं से कहीं आगे जाता है.

# मुझे अकेले रहने में काफी परेशानी होती है: अनन्या पांडे



अनन्या पांडे ने हाल ही में दिए अपने एक इंटरव्यू में पुराने रिलेशनशिप, उससे जुड़ी उम्मीदें और अपने निजी जीवन के बारे में काफी कुछ बताया। एक्ट्रेस ने खुद के जीवन जीने के तरीकों में बदलाव की बात भी कही।

अनन्या पांडे अपने दोस्तों और फैमिली के साथ काफी समय बिताती हैं। अपने इंटरव्यू में अनन्या ने अपने अतीत और निजी जीवन के नजरिए के बारे में काफी कुछ शेयर किया।

एक्ट्रेस ने कहा, मुझे अकेले रहने में काफी परेशानी होती है। मैं हर वक्त परिवार और दोस्तों से घिरे रहना पसंद करती हूं। मगर कुछ समय बाद मुझे अकेले रहने का महात्व समझ आया। ऐसा करने से मैंने अपने जीवन में एक बदलाव महसूस किया। मुझे रिश्तों पर दोबारा सोचने का समय मिला।

एक्ट्रेस ने बातचीत में आगे बताया कि उनके पिछले रिश्ते से उन्होंने काफी सबक लिए। इस रिश्ते ने उनके आत्म-सम्मान पर भी काफी प्रभाव डाला। जब वो इस रिश्ते में थी तो उन्होंने खुद को हमेशा कमतर समझा।

अनन्या ने कहा कि वह हमेशा यह चाहती थीं कि सामने वाले की अहमियत उनसे ज्यादा हो। जिस वजह से वह उस व्यक्ति के हिसाब से खुद को बदल लेती थीं। मगर अब वो अपने अंदर एक अलग बदलाव लेकर आई हैं।

एक्ट्रेस की आखिरी फिल्म तू मेरी मैं तेरा.. बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रही थी। फिल्म में उनके साथ कार्तिक आर्यन भी नजर आए थे।

अब अनन्या की दूसरी फिल्म धर्मा प्रोडक्शन की रोमांटिक ड्रामा चांद मेरा दिल रिलीज होगी। यह फिल्म 8 मई 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# एक्रोमैटोप्सिया से पीड़ित सुपरहीरो का किरदार निभाएंगी अदा शर्मा!



फिल्मी दुनिया में सुपरहीरो पर आधारित कहानियां हमेशा से दर्शकों को आकर्षित करती रही हैं। इस कड़ी में अब एक ऐसी फिल्म आने वाली है, जिसमें सुपरहीरो का अंदाज बिल्कुल अलग और अनोखा होगा। अभिनेत्री अदा शर्मा अपनी आगामी फिल्म सुपर वेली में एक ऐसे सुपरहीरो का किरदार निभाने जा रही हैं, जो सुपरहीरो की पावर को गंभीरता से नहीं लेती। उन्होंने फिल्म का फर्स्ट लुक जारी किया है। फर्स्ट लुक के वीडियो से साफ जाहिर है कि इस फिल्म में उनका किरदार थोड़ा आलसी, अजीब और मजाकिया अंदाज वाला है। फिल्म को लेकर पहले से ही दर्शकों के बीच उत्सुकता देखी जा रही है। दरअसल, कुछ दिन पहले उन्होंने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया था, जिसमें उन्होंने मजाक में कहा था कि मैं वेली हूं। आम बोलचाल की भाषा में वेली शब्द का मतलब होता है कि कोई ऐसा व्यक्ति जिसके पास करने के लिए कोई काम न हो या जो खाली बैठा हो। उनके इस वीडियो को कुछ यूजर्स ने गलत तरीके से समझ लिया और कहने लगे कि अदा शर्मा के पास काम नहीं है और वह खाली बैठी हैं।

लेकिन अब, जब अदा शर्मा ने फिल्म के टाइटल का खुलासा किया, तो लोगों को समझ आया कि वह अपनी आने वाली फिल्म का प्रमोशन कर रही थीं।

फर्स्ट लुक वीडियो में वह अपने किरदार के बारे में बताती दिख रही है, वह कहती है, मेरा नाम वेल्ली नहीं वेली है, लेकिन आप मुझे वेल्लीविजिलक्ष्मी कृष्णमूर्ति चंद्रशेखरानवामी अय्यर कह सकते हैं। वह आगे बताती है कि वह एक्रोमैटोप्सिया है यानी कलर ब्लाइंड.. इससे पीड़ित इंसानों को दुनिया केवल काले, सफेद और ग्रे कलर में दिखाई देती है।

सुपर वेली में उनका अंदाज पूरी तरह बदला दिखेगा। यह फिल्म एक ऐसे सुपरहीरो की कहानी दिखाती है, जो पारंपरिक हीरो की तरह जिम्मेदार नहीं है।

फिल्म के फर्स्ट लुक में अदा शर्मा का सुपरहीरो किरदार दुनिया को बचाने की जिम्मेदारी उठाने से ज्यादा आराम करना पसंद करती है। वह अक्सर सोने या आराम करने के बारे में ही सोचती है, बावजूद इसके किसी न किसी तरह बड़ी घटनाओं के बीच पहुंच जाती है। कभी वह बेहद अनाड़ी लगती है, तो कभी अचानक समझदारी भरा कदम उठाती नजर आती है।

फिल्म का निर्देशन राजेश बच्चानी कर रहे हैं। उन्होंने अदा शर्मा के चयन को लेकर कहा, मुझे अदा की एक्टिंग काफी पसंद है। खास तौर पर फिल्म कमांडो में उनका किरदार मुझे बहुत पसंद आया था। उनमें एक अलग तरह की प्रतिभा है। उनके अभिनय में स्वाभाविकता, समझदारी और हल्का-फुल्का मजाकिया अंदाज भी देखने को मिलता है। इसलिए फिल्म के किरदार के लिए वह मुझे सही लगीं। इस फिल्म की कहानी पर मैं पिछले तीन साल से काम कर रहा हूं और मैं दर्शकों के सामने कुछ नया और ताजगी भरा कंटेंट पेश करना चाहता हूं।

## विभाग कर रहा गैस वितरण प्रणाली की मॉनिटरिंग

बागेश्वर(आरएनएस)। जनपद में घरेलू एलपीजी गैस आपूर्ति को सुचारू एवं व्यवस्थित बनाए रखने के लिए खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग लगातार मानिटरिंग कर रहा है। विभाग की निगरानी में विभिन्न गैस एजेंसियों के माध्यम से शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में समयबद्ध तरीके से गैस सिलेंडरों का वितरण किया जा रहा है। जिला पूर्ति अधिकारी जीबी पांडे ने बताया कि जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में कुल 1107 गैस सिलेंडरों का वितरण किया। इसके तहत इंडेन गैस सर्विस, बागेश्वर ने मंडलसेरा, बहुली, द्यांगण और रवाईखाल क्षेत्रों में 468 सिलिंडर, गरुड़ ने नौघरस्टेट, डोबा, पिंगलकोट और सीमा क्षेत्र में 234,कपकोट ने कपकोट क्षेत्र में 100, कांडा ने स्यांकोट व भूलगांव में 100, शामा ने शामा क्षेत्र में 85 सिलिंडर वितरित किए। वहीं शुभम गैस एजेंसी, गरुड़ ने छाती, मनकोट, घिंगारूतोला तथा कांडा पड़ाव क्षेत्रों में 60 सिलिंडरों का वितरण किया। जिला पूर्ति अधिकारी ने स्पष्ट किया कि जनपद में घरेलू गैस की आपूर्ति पूरी तरह सुचारू है और कहीं भी गैस की कमी नहीं है।

## काशीपुर में स्वयंसेवकों ने किया पथ संचलन

काशीपुर(आरएनएस)।संघ के शताब्दी वर्ष और वर्ष प्रतिपदा पर्व के उपलक्ष्य में आवास विकास के विवेकानंद उपनगर की सुभाष बस्ती, वैशाली बस्ती और खोखरा बस्ती में राष्ट्रीय स्वयंसेवकों ने पथ संचलनकिया। इस दौरान क्षेत्रवासियों ने पुष्प वर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया। पथ संचलन से पूर्व, आवास विकास स्थित विवेकानंद योग पार्क में उपनगर के स्वयंसेवक बड़ी संख्या में एकत्रित हुए। बौद्धिक सत्र में मुख्य वक्ता अखिल भारतीय संयोजक मंच के कला देवेंद्र रावत ने संघ के सौ वर्षों के इतिहास और नव संवत्सर पर प्राचीन संस्कृति पर प्रकाश डाला। उन्होंने पंच परिवर्तन का संदेश देते हुए समग्र हिंदू समाज को संगठित और एकजुट होने पर विशेष जोर दिया। यहां कार्यक्रम अध्यक्ष प्रांतीय मार्ग प्रमुख अमर पाल सिंह यादव, नगर संघ चालक अमित मित्तल, नगर कार्यवाह आदर्श चौधरी, सह कार्यवाह सुरेंद्र कोठारी, नगर खंड प्रचारक जगदीश, उपनगर कार्यवाह रविन्द्र शर्मा, बस्ती प्रमुख जितेन्द्र चौधरी, सह जिला प्रचार प्रमुख प्रेम सिंह चौहान आदि रहे।

## चीड़ के जंगल में अचानक लगी आग, एक घंटे बाद बुझाई

चमोली(आरएनएस)। नगर क्षेत्र के समीप ग्वीलों गांव के चीड़ के जंगलों में अचानक आग भड़क उठी। वन विभाग और फायर सर्विस की टीमों ने एक घंटे में आग बुझा दी। गनीमत रही समय रहते आग बुझा दी गई नहीं तो आग आसपास स्थित आवासीय भवनों तक पहुंच सकती थी। पूर्वाह्न साढ़े 11 बजे जंगल में अचानक आग लग गई। जंगल की आग जब तेजी से फैलने लगी तो स्थानीय लोगों में अफरातफरी मच गई। आग आवासीय क्षेत्र की ओर बढ़ रही थी। ग्रामीणों ने तुरंत प्रशासन और अग्निशमन विभाग को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की गोपेश्वर और अलकनंदा वन प्रभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं। अलकनंदा वन प्रभाग के रेंज अधिकारी डबल सिंह खाती ने बताया कि दोनों विभागों ने समन्वय बनाकर करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग बुझा दी। नपा सभासद दीपक बिष्ट का कहना है कि जंगलों में आग लगने की घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाने की जरूरत है ताकि भविष्य में ऐसी स्थितियों से बचा जा सके।

### सू- दोकू क्र.092

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.91 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |

# ग्रास संस्था की वार्षिक साधारण सभा संपन्न, नए पदाधिकारियों का चयन

अल्मोड़ा(आरएनएस)। ग्रामीण समाज कल्याण समिति (ग्रास) की वार्षिक साधारण सभा की बैठक तल्ला चीनाखान स्थित प्रधान कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष गोपाल सिंह चौहान ने की, जिसमें प्रबंध कार्यकारिणी और साधारण सभा के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान संस्था की गतिविधियों का भौतिक एवं वित्तीय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। प्रतिवेदन में वर्षभर में संचालित परियोजनाओं, प्राप्त धनराशि, व्यय विवरण और कार्य निष्पादन की स्थिति की जानकारी दी गई, जिसे सदस्यों ने अनुमोदित किया। माइग्रेंट परियोजना सहित विभिन्न योजनाओं की वार्षिक प्रगति भी प्रस्तुत की गई।

इस दौरान संस्था में पदाधिकारियों के त्यागपत्र के बाद रिक्त पदों पर नए चयन किए गए। सचिव पद पर रेखा बिष्ट, कोषाध्यक्ष पद पर ललित मोहन गौड़ और उपसचिव पद पर मदन सिंह मेर को जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अलावा अन्य रिक्त पदों पर भी नए सदस्यों का चयन किया गया। संस्था के अधिशासी निदेशक भूपेंद्र चौहान ने बताया कि दोसाद जलागम परियोजना फरवरी से शुरू हो चुकी है। साथ ही महिला विकास के तहत जूट बैग प्रशिक्षण, मुख्यमंत्री महिला सतत आजीविका योजना और नेशनल जूट बोर्ड की योजनाएं अप्रैल-मई से प्रारंभ की जाएंगी। अंत में संस्था अध्यक्ष ने सभी उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया। बैठक में संस्था के पदाधिकारी और सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## सुकना-पभ्या सड़क निर्माण में देरी पर ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

अल्मोड़ा(आरएनएस)। विकासखंड भैंसियाछाना के अंतर्गत सुकना से पभ्या तक प्रस्तावित करीब 3.5 किलोमीटर सड़क निर्माण में हो रही देरी को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। इस संबंध में ग्रामीणों ने भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष रवि रौतेला के नेतृत्व में जिलाधिकारी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपते हुए जल्द निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण के लिए पिलर लगाने और पेड़ों की गणना जैसी प्रारंभिक प्रक्रियाएं पूरी हो चुकी हैं, इसके बावजूद लोक निर्माण विभाग और वन विभाग के बीच समन्वय के अभाव में पिछले छह महीनों से कार्य ठप पड़ा है। ग्रामीणों ने बताया कि पभ्या गांव मुख्य सड़क से करीब नौ किलोमीटर दूर कठिन चढ़ाई पर स्थित है, जिससे मरीजों और गर्भवती महिलाओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कई बार समय पर उपचार न मिलने के कारण गंभीर स्थितियां भी उत्पन्न हो जाती हैं। इससे पूर्व भी ग्रामीणों ने प्रशासन को ज्ञापन देकर समयसीमा निर्धारित की थी, लेकिन मांग पूरी न होने पर एक बार फिर उन्होंने आवाज उठाई है। जिलाधिकारी ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए सड़क निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कराने का आश्वासन दिया। साथ ही संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। ज्ञापन सौंपने वालों में रवि रौतेला, ग्राम प्रधान जानकी देवी, गिरीश जोशी, मोहन चंद्र जोशी, विशन जोशी, हरीश भट्ट, शेखर जोशी, हरीश आर्या सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

## छुट्टियों में संवारा बच्चों का भविष्य, अब मिलेगा सम्मान

चमोली(आरएनएस)। ब्लॉक के राजकीय कन्या जूनियर हाईस्कूल चोपता के सहायक अध्यापक लखपत सिंह रावत का चयन शैलेश मटियानी राज्य पुरस्कार के लिए हुआ है। लखपत स्कूलों की गर्मियों की छुट्टियों में बच्चों को निशुल्क पढ़ाते हैं। उनकी ओर से पढ़ाए गए बच्चों का चयन नवोदय समेत छात्रवृत्ति के लिए भी हो चुका है। शिक्षक लखपत रावत ने वर्ष 2005 में ब्लॉक के सुदूरवर्ती राप्रावि कुश से अपने अध्यापन कार्य की शुरुआत की। वर्तमान में वह राजकीय कन्या जूनियर हाईस्कूल चोपता में सहायक अध्यापक के रूप में कार्यरत हैं। गर्मियों की छुट्टियों में जब अधिकांश शिक्षक अपने निजी कार्यों में व्यस्त रहते हैं तब लखपत रावत अपने आसपास के बच्चों के लिए समर कैंप का आयोजन करते हैं और उन्हें निशुल्क पढ़ाई कराते हैं। उनकी मेहनत का ही प्रतिफल है कि आज उनके पढ़ाए छात्रों का चयन डॉ० शिवानंद मेमोरियल, नवोदय विद्यालय, श्रीदेव सुमन तथा मुख्यमंत्री मेधावी छात्रवृत्ति के लिए हो चुका है। उनका चयन शैलेश मटियानी राज्य पुरस्कार के लिए होने पर विधायक भूपाल राम टम्टा, ब्लॉक प्रमुख गणेश चंदोला, पूर्व प्रमुख यशपाल नेगी, बीईओ अनिनाथ आदि ने खुशी जताई।

## गंगतल-बेंजी मार्ग पर मृत मिला गुलदार

रुद्रप्रयाग(आरएनएस)। केदारनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़े गंगतल-बेंजी मार्ग पर एक गुलदार मृत मिला। मार्ग से गुजर रहे वाहन चालक विनोद कुमार ने गुलदार को अचेत अवस्था में देखा और इसकी सूचना वन विभाग को दी। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। वन क्षेत्राधिकारी एचएस रावत ने बताया कि प्राथमिक जांच में गुलदार की मौत गिरने के कारण होना प्रतीत हो रही है। अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है।

## ब्रिटिशकालीन पुरानी जेल को संग्रहालय बनाने की कवायद तेज

पौड़ी(आरएनएस)। जिला मुख्यालय स्थित ऐतिहासिक ब्रिटिशकालीन पुरानी जेल को संग्रहालय के रूप में विकसित करने की दिशा में प्रशासन ने कवायद तेज कर दी है। इस संबंध में रुड़की से आई विशेषज्ञों की टीम ने मौके पर पहुंचकर विस्तृत सर्वेक्षण किया और भवन की वर्तमान स्थिति का आकलन किया। प्रभारी क्षेत्रीय पुरातत्व इकाई पौड़ी अनिरुद्ध सिंह बिष्ट ने बताया कि यह पुरानी जेल ऐतिहासिक दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण है और इसे संरक्षित करते हुए संग्रहालय के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी के निर्देश पर इस परियोजना को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जा रहा है ताकि जिले की ऐतिहासिक धरोहर को सुरक्षित रखा जा सके और लोगों को इसके बारे में जानकारी मिल सके। सर्वे के दौरान टीम ने भवन की संरचना, मजबूती, उपलब्ध स्थान और अन्य तकनीकी पहलुओं का गहन निरीक्षण किया। साथ ही भवन का माप-जोख (मेजरमेंट) भी किया गया जिसके आधार पर विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की जाएगी। बताया कि डीपीआर तैयार होने के बाद परियोजना की लागत, संरचना में आवश्यक सुधार, संरक्षण कार्य और संग्रहालय के स्वरूप को अंतिम रूप दिया जाएगा।

## डाडा-बनवाला मार्ग बदहाल, गड्ढों में गिरकर चोटिल हो रहे ग्रामीण

रुड़की(आरएनएस)। बुग्गावाला क्षेत्र के डांडा-बनवाला मार्ग की बेहद खराब हो चुकी है जिससे ग्रामीणों को आवाजाही में परेशानी हो रही है। गहरे-गहरे गड्ढे होने के कारण आए दिन बाइक सवार गिरकर चोटिल हो रहे हैं।

ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों से जल्द ही सड़क मरम्मत कराए जाने की मांग की है। यह मार्ग डांडा और बनवाला गांव को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग है। जिस पर प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण, किसान, छात्र और छोटे-बड़े वाहन चलते हैं। लेकिन लंबे समय से मरम्मत न होने के कारण सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। दोपहिया वाहन चालक आए, दिन गड्ढों में गिरकर चोटिल हो रहे हैं। जबकि चार पहिया वाहनों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीण सचिन सैनी, सोनू सैनी, चंचल चौहान और सुरेश आदि ग्रामीणों ने बताया कि सड़क की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। कई बार ग्रामीणों को चोट भी लग चुकी है, लेकिन इसके बावजूद संबंधित विभाग और किसी जनप्रतिनिध द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के दौरान स्थिति और भी खराब हो जाती है। सड़क पर पानी भरने से छात्रों को स्कूल जाने में भी परेशानी होती है। ग्रामीणों ने मार्ग के खराब होने से खेतों तक कृषि उपकरण और फसल ले जाने में दिक्कतें आ रही हैं। आरोप है कि कई बार प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को भी सड़क के बारे में बताया गया लेकिन आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिल रहा है।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं हुआ तो उन्हें आंदोलन करने पर विवश होना पड़ेगा।

# मुख्यमंत्री ने मदन नेगी केन्द्रीय विद्यालय की मंजूरी पर केन्द्र का आभार व्यक्त किया

संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने टिहरी गढ़वाल के मदन नेगी में केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना को मंजूरी प्रदान किए जाने पर केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया है। आज यहां मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने टिहरी गढ़वाल के मदन नेगी में केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना को मंजूरी प्रदान किए जाने पर केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया है। केंद्रीय विद्यालय संगठन द्वारा मदन नेगी, टिहरी गढ़वाल में नए केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना को मंजूरी प्रदान की है। यह विद्यालय सिविल सेक्टर के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 से ही प्रारंभ किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय विद्यालय खुलने से मदननेगी एवं आसपास के क्षेत्र में नोनीहालों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी। साथ ही स्थानीय स्तर पर शैक्षिक ढांचे को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा केंद्र एवं राज्य सरकार मिलकर युवाओं को शिक्षा के क्षेत्र में आगे लाने एवं उनके भविष्य को संवारने के लिए संकल्पित है। नए केन्द्रीय विद्यालय का संचालन प्रारंभिक चरण में कक्षा 1 से 5 तक (प्रत्येक कक्षा में एक सेक्शन) किया जाएगा, जिसे आवश्यकता एवं स्वीकृति के अनुसार आगामी वर्षों में क्रमिक रूप से विस्तारित किया जाएगा।साथ ही प्रवेश प्रक्रिया सभी आवश्यक औपचारिकताओं के पूर्ण होने के 30 दिनों के भीतर प्रारंभ कर दी जाएगी। गौरतलब है कि यह निर्णय भारत सरकार की पूर्व स्वीकृति के क्रम में लिया गया है, जिसके तहत देशभर में 85 नए केन्द्रीय विद्यालय खोले जाने हैं। मदान नेगी, टिहरी गढ़वाल स्थित यह विद्यालय उन्हीं स्वीकृत विद्यालयों में शामिल है।

# गैस व खाद्य आपूर्ति को लेकर कांग्रेस ने दिया डीएसओ कार्यालय पर धरना

संवाददाता

देहरादून। गैस व खाद्य आपूर्ति को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन कर धरना दिया। आज यहां कांग्रेस कार्यकर्ता प्रदेश महासचिव विनोद सिंह चौहान के नेतृत्व में जिला खाद्य आपूर्ति कार्यालय पर एकत्रित हुए जहां पर उन्होंने प्रदर्शन कर धरना दिया। जिसके बाद उन्होंने जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में उन्होंने कहा कि वर्तमान में गैस आपूर्ति तथा खाद्य आपूर्ति व्यवस्था से संबंधित कई गम्भीर समस्याएं आम जनता को प्रभावित कर रही है। विशेषकर विवाह सीजन के दौरान गैस सिलेंडरों की भारी किल्लत एवं कालाबाजारी के कारण आम नागरिकों को अत्याधिक आर्थिक बोझ उठाना पड रहा है। साथ ही गैस वितरण में लागू शहरी क्षेत्र में 25 दिन एवं ग्रामीण क्षेत्र में 45 दिन की बाध्यता के कारण भी आम जनता समय पर गैस उपलब्ध नहीं हो पा रही है। प्रदर्शन करने वालों में आयुष गुप्ता, अर्जुन सोनकर, अनूप कपूर, संजय मौर्य, राहुल शर्मा, अर्पण सैलाल, आशीष गुसाईं, अनिल उनियाल, पंकज गुसाईं, जगदीश धीमान, प्रमोद शर्मा, गगन छाछर, सुनील बांगा, सतेन्द्र, कैलाश अग्रवाल, विजय गुप्ता, मनीष मैनन, विरेन्द्र सिंह बिष्ट, मोहन काला, रिपु दमन सिंह, राकेश आदि मौजूद रहे।

# निजी स्कूलों के खिलाफ युवा शिव सेना का मोर्चा, आंदोलन की चेतावनी

संवाददाता

देहरादून। निजी स्कूलों के खिलाफ युवा शिव सेना ने प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

आज यहां निजी विद्यालयों द्वारा की जा रही मनमानी फीस वृद्धि, हर वर्ष री-एडमिशन शुल्क की वसूली, महंगी ड्रेस और किताबों की जबरन बिक्री के खिलाफ युवा सेना ने मोर्चा खोल दिया है। संगठन की ओर से जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए इन सभी मुद्दों पर तत्काल सख्त कार्रवाई की मांग की गई है। साथ ही स्कूल प्रबंधन को भी चेतावनी नोटिस जारी कर सुधार करने के लिए कहा गया है। निजी विद्यालयों की मनमानी के खिलाफ युवा सेना ने कड़ा रुख अपनाया है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सागर रघुवंशी ने कहा कि राज्य में "शिक्षा माफिया" सक्रिय है और फीस, ड्रेस व किताबों के नाम पर अभिभावकों से खुली लूट की जा रही है। उन्होंने सरकार से सख्त कानून लागू करने की मांग करते हुए चेतावनी दी कि कार्रवाई न होने पर प्रदेशव्यापी आंदोलन किया जाएगा। इसी क्रम में देहरादून में यह पूरा कार्यक्रम सुमित चौधरी (महानगर उपाध्यक्ष) के नेतृत्व में आयोजित किया गया, जिसमें युवा सेना ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। साथ ही विभिन्न निजी विद्यालयों को ज्ञापन देकर मनमानी पर रोक लगाने की मांग की गई। ज्ञापन में मनमानी फीस वृद्धि, हर वर्ष री-एडमिशन शुल्क की वसूली, तथा महंगी ड्रेस और किताबों की जबरन बिक्री जैसे मुद्दों पर तत्काल सख्त कार्रवाई की मांग की गई। सुमित चौधरी ने कहा कि निजी विद्यालयों ने शिक्षा को व्यवसाय बना दिया है और अभिभावकों का आर्थिक शोषण किया जा रहा है। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे , मुख्यतः विशाल पाल, शुभम पाल, रोहित राजपूत, नवलेश शाह, दीपक वर्मा, शिवम गुप्ता, अरविंदआर्यन, विजय, अजय, विवेक, युगम, बॉबी, रोहित, आयुष, अनिकेत, गोलू, दीपक, मनीष, सत्यम, शिवा कुमार आदि शामिल रहे।

# राजनीति में 'अर्जित' अवकाश!

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। राजनीति में 'अर्जित' अवकाश पर आमजन आश्चर्य चकित हैं। राजनेताओं के इस 'खेल' को आमजन बखूबी समझती है और चुनावी साल में तो इस प्रकार के 'खेल' चर्चा में तो आते ही हैं। प्रदेश में भाजपा और कांग्रेस दोनों दलों के अंदर सब कुछ ठीक-ठाक नहीं है यह तो कई बार सामने आ चुका है। लेकिन राजनीति में अर्जित अवकाश की राजनीति किसी बडे़ तूफान के आने से पहले की 'खामोशी' लग रही है।

बता दें कि सत्ता से दूर कांग्रेस सत्ता में वापसी के लिए वह सब कुछ करेगी, जिसकी जरूरत होगी। इसके लिए कांग्रेस ने अपने मोहरे चलने शुरू कर दिए है। वही भाजपा भी यही चाहेगी कि सत्ता उन्हीं के पास रहे और वह भी इसके लिए अपनी 'चाल' चलने में लगी है। अभी हालिया मामला कांग्रेस के बडे़ नेता हरीश रावत का है। उन्होंने 15 दिन के अर्जित अवकाश के बहाने कांग्रेस और भाजपा दोनों को सकते में डाल रखा है। भाजपा और कांग्रेस के रणनीतिकारों की माने तो यह अर्जित अवकाश कोई बड़ा तूफान लेकर आने वाला है।

राजनीतिक विशेषज्ञों की माने तो यह साफ है कि हरदा के अवकाश के बाद वह कुछ बड़ा करने वाले हैं और उनकी अगली चाल जो भी होगी वह प्रदेश की राजनीति में बड़ा भूचाल लाने के लिए काफी है। वैसे भी प्रदेश में जल्द ही विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं और ऐसे में अपनी-अपनी साख बचाने और सुधारने की दिशा में नेता लगे हुए है। प्रदेश में कोई बड़ा राजनीतिक तूफान आने का अंदेशा 'हरदा' की सोशल मीडिया पोस्ट से भी लगाया जा रहा है। हाल ही में 'हरदा' ने सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर सभी को आश्चर्य चकित कर दिया है। इसके बाद सभी इस पोस्ट पर अपनी-अपनी राय दे रहे है, लेकिन



❑'हरदा' के 15 दिन का अर्जित अवकाश पर हो रही सियासत ❑कांग्रेस में घमासान मचना स्वाभाविक, भाजपा में भी खटपट ❑'अवकाश' पर प्रदेश की राजनीति में होने वाला है कुछ बड़ा

इस पोस्ट के मायने काफी अहम है। हरदा ने सोशल मीडिया पर लिखा है कि मैंने 15 दिन का अर्जित अवकाश लिया। केंद्र सरकार के कर्मचारियों के मध्य वर्षों काम किया। इसलिये अर्जित अवकाश का महत्व मेरे मन में रचा-बसा है और अवकाश भी ऐसा लिया जिसके दौरान मैं निरंतर अपने सामाजिक दायित्वों को पूरा कर रहा हूं। मेरा सौभाग्य है कि मैं जहाँ कही जाता हूँ तो ये लगता है कि कांग्रेस लोगों के बीच में आ गई है। फिर भी कई लोग दनादन गोले बरसा रहे हैं। मुझ पर गोले बरसाने वालों में तीन प्रकार के लोग हैं। एक तो मेरे कुछ कांग्रेस के भाई-बहन हैं। मैं उनसे तो पूछ ही सकता हूं कि क्या अर्जित अवकाश लेना अपराध है? अर्जित अवकाश लेने से मैंने क्या ऐसा कर दिया, जिससे हमारे साथियों को गुस्सा व चिंतित होकर के दनादन सोशल मीडिया में मुझ पर गोले दागने पड़ रहे हैं।

इन लोगों में कई लोग ऐसे हैं जिन्होंने 2022 में मुस्लिम यूनिवर्सिटी के मामले को मुझ पर चस्पा करने के लिए आईटी का सहारा लेकर क्रिएटिव बनाये और पोस्ट डाली, उनके ये कुकृत्य मेरे पास आज भी संरक्षित हैं और आज भी ये आईटी का सहारा लेकर मेरी छवि बिगाड़ने का प्रयास कर रहे हैं।

दूसरे वह लोग हैं जो कांग्रेस के कटु आलोचक हैं, उनमें से आधे लोग भाजपानिष्ठ हैं, जिन्होंने हमारे नेताओं और हमारी हमेशा आलोचना की है। वह भी मेरे अर्जित अवकाश से बहुत बेचैन हैं और लंबे-लंबे लेख लिखे जा रहे हैं, लंबी-लंबी पोस्ट डाले जा रहे हैं, लंबी-लंबी कास्टिंग हो रही है, फेसबुक/सोशल मीडिया पर यह जताने की कोशिश हो रही हैं कि हरीश रावत कांग्रेस पर अब भार ही भार है। जब उन लोगों का पूरा ब्यौरा देखा तो आश्चर्य हो रहा है कि उनको कांग्रेस की इतना चिंता क्यों हो रही है, जो वह हरीश रावत रूपी भार को निपटा देना चाहते हैं? आप उनकी पोस्ट व लेखों को पढ़िए तो उन्होंने ढूंढ-ढूंढ करके मेरे सार्वजनिक जीवन के उन प्रसंगों को उकेरा है, जहां मैं विफल हुआ हूं या हारा हूं। इनमें से कोई भी व्यक्ति ऐसा नहीं है कि उसने समालोचना के तौर पर भी कांग्रेस के पक्ष को रखा हो! हमेशा भाजपा के पक्ष को रखा है और कांग्रेस पर बरसते रहे हैं, मगर उनको आज कांग्रेस की बहुत चिंता हो रही है तो मैं कम से कम इस बात का सुकून महसूस कर रहा हूं कि बहुत सारे कांग्रेस के आलोचकों को मैंने अपने इस अर्जित अवकाश की बात कहकर इन्हें कांग्रेस के पक्ष में कर दिया है।

इसके साथ ही हरदा ने पोस्ट में कई अन्य बातों का जिक्र किया है। पोस्ट के माध्यम से जहां उन्होंने कांग्रेस के नेताओं पर तंज कसे हैं वही उन्होंने भाजपा को भी घेरा है। पोस्ट में उन्होंने यह भी संकेत दिए है कि वह कुछ नया करने वाले है। इसके साथ ही उन्होंने पिछले चुनावों का भी जिक्र किया है। राजनीतिक विशेषज्ञों की माने तो प्रदेश की राजनीति में कुछ बड़ा तो होने वाला है पर क्या! यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा।

# सीईओ बीकेटीसी ने किया श्री बद्रीनाथ धाम का निरीक्षण

हमारे संवाददाता

रुद्रप्रयाग। श्री बद्रीनाथ धाम में आगामी 23 अप्रैल को कपाट खुलने से पूर्व तैयारियां तेजी से जारी हैं। इसी क्रम में बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) के मुख्य कार्याधिकारी विशाल मिश्रा ने धाम पहुंचकर व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया और तैयारियों की गहन समीक्षा की।



निरीक्षण के दौरान उन्होंने धाम में चल रहे मास्टर प्लान के कार्यों का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि गुणवत्ता से कोई समझौता किए बिना 20 अप्रैल तक सभी कार्य पूर्ण कर लिए जाएं। उन्होंने परिसर में चल रहे साफ-सफाई और रंग-रोगन कार्यों का भी अवलोकन किया तथा मौके पर कार्य कर रहे श्रमिकों से बातचीत कर उनका उत्साहवर्धन किया।

मुख्य कार्याधिकारी ने मंदिर प्रभारी

❑कपाट खुलने से पहले तैयारियों को लेकर दिए अहम निर्देश

को निर्देश दिए कि नृसिंह मंदिर और योग बद्री मंदिर की साज-सज्जा 20 अप्रैल तक हर हाल में पूरी कर ली जाए। साथ ही बद्रीनाथ धाम की फूलों से सजावट 22 अप्रैल तक पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने विशेष रूप से गेंदे के साथ विभिन्न रंगों के गुलाब के फूलों के उपयोग पर जोर दिया और इसके लिए दानदाताओं को समय रहते सूचित करने को कहा। इसके अलावा, उन्होंने धाम परिसर में लगे सभी सीसीटीवी कैमरों को दुरुस्त कर कपाट खुलने से पहले उनका ट्रायल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कतारों में जगह-जगह स्क्रीन लगाने के निर्देश भी दिए गए, ताकि प्रतीक्षा कर रहे श्रद्धालु धार्मिक कार्यक्रमों का आनंद ले सकें। उन्होंने ज्योतिर्मठ और धाम के अतिथि गृहों की मरम्मत शीघ्र पूर्ण करने तथा पूरे मंदिर परिसर में 20 अप्रैल से पहले आकर्षक साइनेज लगाने के निर्देश दिए, जिससे श्रद्धालुओं को बेहतर मार्गदर्शन और सुविधा मिल सके। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार ज्योतिमठ, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी, बीकेटीसी के कार्मिक और मास्टर प्लान से जुड़ी संस्थाओं के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

# दायित्वों का पिटारा फिर खुला

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। चुनावी साल में भाजपा अपने कार्यकर्ताओं को खुश करने में लगी है और इसके लिए उत्तराखंड में कार्यकर्ताओं को सरकार में दायित्व बांटे जा रहे हैं। अभी तक धामी सरकार ने लगभग 80 भाजपा कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां दी हैं। धामी सरकार ने प्रदेश में दायित्वधारियों की दूसरी सूची भी जारी की है। सरकार ने सात और लोगों को दायित्व बांटे हैं। वही, इससे पहले शुक्रवार को ही विभिन्न आयोगों, परिषदों और समितियों में 14 लोगों को नियुक्त कर कर दायित्व बांटे गए थे।

बता दें कि कैबिनेट विस्तार के बाद सरकार और संगठन से जुड़े नेताओं और कार्यकर्ताओं को समायोजित करने के लिए दायित्वों का वितरण किया जा रहा है। चुनावी साल में संगठन की रणनीति है कि आमजन के बीच जाने के लिए लंबी फोज तैयार की जाए। इसके लिए धामी सरकार ने दायित्वों का पिटारा खोल दिया है। नई सूची के अनुसार राजपाल कश्यप, रुचि गिरी, राव खाले खां, प्रेमलता, दीप प्रकाश नेवलिया, योगेश रजवार और मनोज गौतम को सरकार ने दायित्व बांटे है। राजनैतिक विशेषज्ञों की माने तो प्रदेश में यह अनुमान लगाया जा रहा है कि अब तक करीब 80 के आसपास नेताओं को विभिन्न आयोगों,



बोर्डों और परिषदों में जिम्मेदारियां दी जा चुकी हैं। माना जा रहा है कि आने वाले समय में दायित्वों की सूची और लंबी हो

**●सरकार ने सात और लोगों को दायित्व बांटे**
**●दायित्व सूची में 80 के करीब पहुंचा आंकड़ा**
**●आयोगों, बोर्डों व परिषदों में जिम्मेदारियां दी**

सकती है। चुनावी साल में सरकारों द्वारा इस प्रकार के प्रयोग किए जाते रहे हैं।

इन्हें मिली जिम्मेदारी: राव खाले खां – सदस्य, किसान आयोग। योगेश रजवार– सदस्य, बाल संरक्षक आयोग। दीप प्रकाश नेवलिया – सदस्य, समाज कल्याण अनुश्रवण समिति। मनोज गौतम – सदस्य, अनुसूचित जाति आयोग। प्रेमलता – सदस्य, महिला आयोग। रुचि गिरी – सदस्य, अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग। राजपाल कश्यप – सदस्य, अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण परिषद।

### तिवारी सरकार ने बांटे थे 200 से अधिक दायित्व

राज्य गठन के बाद पहली निर्वाचित सरकार ने कार्यकर्ताओं को खुश करने के लिए दायित्व बांटने की प्रथा शुरू की थी। यह उस समय चर्चा का विषय बन गया था। उसके बाद से लगातार जिसकी सरकार रही उसने पार्टी कार्यकर्ताओं को जमकर मलाई खिलाई है। नारायण दत्त तिवारी के नेतृत्व वाली सरकार ने 200 से अधिक नेताओं को विभिन्न पदों पर दायित्व दिया था। उस समय प्रदेश से लेकर राष्ट्रीय मीडिया में यह खबर जमकर ट्रोल हुई थी।

# 4 वाहन चोर दबोचे, 10 बाइक बरामद

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। दुपहिया वाहन चोर गिरोह का खुलासा करते हुए पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। जिनकी निशानदेही पर चोरी की 10 बाइक बरामद हुई है। सभी आरोपी नशे के आदी है जो नशापूर्ति के लिए बाइक चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया करते थे। एसएसपी नवनीत सिंह ने बताया कि बीती 4 अप्रैल को उत्तराखण्ड पुलिस ऐप के माध्यम से विभिन्न तिथियों में मोटरसाइकिल चोरी संबंधी ऑनलाइन ई-एफआईआर दर्ज कराई गईं। इसी क्रम में मुकेश पुत्र स्व. कलीराम निवासी ब्रह्मपुर, थाना सिडकुल द्वारा अपनी मोटरसाइकिल इलेक्ट्रॉनिक कम्पनी क्षेत्र से चोरी होना दर्ज कराया गया। वहीं समीर पुत्र नवाब



निवासी बंदर टोल, मंगलौर द्वारा उसकी बाइक चोरी होना दर्ज कराया गया। साथ ही अरुण कुमार पुत्र रमेश निवासी जमालपुर खुर्द द्वारा बुलेट मोटरसाइकिल चोरी होना दर्ज कराया गया। मामलो का खुलासा करने में जुटी पुलिस टीम द्वारा बीती रात डिजीटल साक्ष्यों, सुरागरसी-पतारसी एवं चेकिंग के दौरान नहर पटरी श्मशान घाट के पास से 4 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया। जिनके कब्जे से चोरी की तीन बाइक बरामद की गयी। पूछताछ में उन्होने अपना नाम विपिन पुत्र राजवीर, निवासी ग्राम पुट्ठा, थाना खतौली, जनपद मुजफ्फरनगर, गौरव पुत्र मांगेराम, निवासी ग्राम मोहम्मदपुर डोसनी, थाना लक्सर, हरिद्वार व नितिन पुत्र धर्मराज, निवासी सुरागनगर, जनपद मुरादाबाद बताया। बताया कि वह नशे के आदी हैं तथा नशे की पूर्ति हेतु मोटरसाइकिल चोरी करते हैं और उन्हें कबाड़ियों व राहगीरों को सस्ते दामों में बेच देते हैं। उनके द्वारा रानीपुर, सिडकुल एवं दिल्ली क्षेत्र से भी कई मोटरसाइकिलें चोरी कर नहर किनारे झाड़ियों में छुपाकर रखना बताया गया। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर चोरी की 10 बाइक बरामद की है।

# वन विभाग ने किया अजगर को रेस्क्यू

हमारे संवाददाता

देहरादून। विकासनगर टीमली रेंज के अंतर्गत कुल्हल दोला गुर्जर बस्ती में एक विशालकाय अजगर सांप मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच कर तत्परता दिखाते हुए अजगर का सफल रेस्क्यू किया। बताया जा रहा है कि पकड़े गए अजगर की लंबाई करीब 14 फीट और वजन लगभग 55 किलो 300 ग्राम था। रेस्क्यू ऑपरेशन



के दौरान राजकीय वाहन चालक, वन आरक्षी, संबंधित बीट स्टाफ और स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे। वन विभाग की टीम ने सावधानीपूर्वक अजगर को पकड़कर सुरक्षित कब्जे में लिया। इसके बाद वन क्षेत्र अधिकारी के निर्देशानुसार अजगर को पास के आरक्षित वन क्षेत्र में सुरक्षित रूप से छोड़ दिया गया।

# अवैध खनन पर लगाम, राजस्व में उछाल

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड में खनन हमेशा विवादास्पद रहा है, लेकिन विभाग की नई नीतियों ने इसे विकास का इंजन बना दिया है। अब खनन न सिर्फ पर्यावरण अनुकूल तरीके से हो रहा है बल्कि स्थानीय युवाओं को रोजगार भी मिल रहा है। उत्तराखंड के भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग ने वित्तीय वर्ष 2025–26 में एक बार फिर लक्ष्य से कहीं ज्यादा राजस्व अर्जित कर प्रदेश की विकास यात्रा को नई गति दी है।

भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग के निदेशक राजपाल लेघा ने आधिकारिक जानकारी देते हुए बताया कि वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए केंद्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा 950 करोड़ रुपये का



### उत्तराखंड खनन विभाग ने 2025-26 में रिकार्ड 1217 करोड़ राजस्व कमाया

लक्ष्य निर्धारित किया गया था। लेकिन विभाग की मेहनत और पारदर्शी नीतियों के कारण कुल 1217 करोड़ रुपये जमा हुए। इसमें 1130 करोड़ रुपये कोषागार में, 80 करोड़ रुपये जिला खनिज फाउंडेशन न्यास में और 7 करोड़ रुपये एसएमईटी फंड में जमा किए गए।

पिछले वित्तीय वर्ष 2024–25 में भी विभाग ने 875 करोड़ रुपये के लक्ष्य के मुकाबले 1041 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया था। इस प्रकार दो सालों में विभाग ने लगातार लक्ष्य से अधिक कमाई करके अपनी विश्वसनीयता साबित कर दी है।

निदेशक राजपाल लेघा ने कहा, जब नीयत साफ होती है और जनहित में संसाधनों का सर्वोत्तम उपयोग करने की सोच होती है, तो किसी भी क्षेत्र में सफलता मिल ही जाती है।

# ऑपरेशन प्रहार के साथ पुलिस ने शुरू किया 'ऑपरेशन नाईट स्ट्राइक'

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार चलाते हुए अवैध गतिविधियों में लिप्त 10 लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

आज यहां अपराधियों के विरूद्ध सम्पूर्ण राज्य में चलाये जा रहे अभियान "ऑपरेशन प्रहार" के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी अधीनस्थों को अपने-अपने क्षेत्र में लगातार सघन चेकिंग अभियान चलाते हुए आपराधिक गतिविधियों में लिप्त लोगों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए गए है, जिसके अनुपालन में जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में दून पुलिस द्वारा लगातार सघन चैकिंग अभियान चलाते हुए आपराधिक गतिविधियों में लिप्त लोगों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। रात्रि एसएसपी के निर्देशों पर एसपी ऋषिकेश के नेतृत्व में पुलिस की अलग-अलग टीमों द्वारा जनपद के नगर तथा देहात क्षेत्र में होटल/पब/बार/ रेस्ट्रोरेंट आदि का औचक निरीक्षण करते हुए सम्पूर्ण जनपद में सघन चैकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस टीमो द्वारा सभी होटल/बार/पब/ रेस्टोरेंट आदि का औचक निरीक्षण किया गया, इस दौरान रायपुर क्षेत्र में 01 रेस्टोरेंट, के संचालक द्वारा लोगों को बिना लाइसेंस के अवैध रूप से शराब परोसने पर संबंधित प्रतिष्ठान संचालकों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत करते हुए उन्हें गिरफ्तार किया गया तथा मौके पर शराब पी रहे 18 व्यक्तियों को हिरासत

**❑अवैध गतिविधियों/नशा तस्करी में लिप्त 10 को पुलिस ने किया गिरफ्तार**

में लेकर थाने लाया गया, इसके अतिरिक्त जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रो में सार्वजनिक स्थानों पर शराब पी रहे 47 अन्य व्यक्तियों को पुलिस द्वारा थाने लाया गया, जिनके विरुद्ध पुलिस एक्ट में कार्रवाई करते हुए उन्हें कड़ी चेतावनी दी गई। राजपुर क्षेत्र में देर रात्रि होटल बार रेस्टोरेन्ट की चेकिंग के दौरान इन्द्र बाबा तिराहे पर स्थित स्पॉट कैफे के संचालक द्वारा देर रात्रि तक अपने कैफे को खोलकर लोगो को हुक्का पिलाया जा रहा थी जिस पर कैफे संचालक के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत करते हुये उसे हिरासत में लिया गया तथा सम्बन्धित कैफे को बन्द कराया गया। रात्रि चैकिंग के दौरान कोतवाली विकासनगर तथा डोईवाला क्षेत्र से पुलिस टीमों द्वारा अवैध रूप से सट्टे की खाईबाडी करते हुए 03 को गिरफ्तार करते हुए उनके पास से अवैध सट्टा सामग्री व नगदी बरामद की गई, जिनके विरुद्ध कोतवाली विकासनगर तथा डोईवाला पर जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। इसके अतिरिक्त अलग-अलग थाना क्षेत्रों से मादक पदार्थो/अवैध शराब की तस्करी में लिप्त 04 लोगों को गिरफ्तार करते हुए अभियुक्तों के कब्जे से 14.72 ग्राम अवैध स्मैक तथा 227 टैट्रा पैक अवैध देसी शराब बरामद की गई तथा तस्करी में प्रयुक्त एक स्कूटी को सीज किया गया।

**आर.एन.आई.-** 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

**कानूनी सलाहकार:**
**वी के अरोड़ा, एडवोकेट**
**बैजनाथ, एडवोकेट**

**कार्यालय: दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**

*नोट: सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*